संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 17 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



16वें नेशनल यूथ पार्लियामेंट कॉम्पटीशन के विजेताओं संग ग्रुप फोटो में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 47 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया

**नरेंद्र** मोदी ने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों को दी गई वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ओआरओपी के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट रखकर वन रैंक वन पेंशन लागू करने का झूठ बोलने का काम किया था। हमने सत्ता में आते ही ओआरओपी को लागू किया और अभी तक पूर्व सैनिकों को करीब 1 लाख करोड़ रुपये मिल चूके हैं, जिसमें हरियाणा के भी पूर्व सैनिक लाभान्वित हुए हैं। जिला रेवाड़ी में ही इस योजना के तहत सैनिक परिवारों को 600 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले हैं। उन्होंने कहा कि जितना पैसा रेवाड़ी के सैनिक परिवारों को मिला है, कांग्रेस ने उससे भी कम यानि 500 करोड़ रुपये पूरे देश के पूर्व सैनिकों के लिए बजट रखा था। ऐसे ही झूठ व धोखेबाजी के कारण ही कांग्रेस को देश ने नकार दिया।

**हरियाणा में हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो रहा स्थापित**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है और इसका लोकार्पण भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में 15 नये एम्स स्वीकृत किए जा चूके हैं। आजादी के बाद से 2014 तक देश में करीब 380 मेडिकल कॉलेज बने थे, जबकि पिछले 10 वर्षों में 300 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज बन चुके हैं। हरियाणा में भी हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखना:** नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड देश की आधी से अधिक आबादी को दशकों तक छोटी छोटी जरूरतों से दूर रखना, एक परिवार के हित को देश और देशवासियों के हित से ऊपर रखना, इतिहास के सबसे बड़े घोटालों, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देना तथा सेना व सैनिक को कमजोर करने का रहा है। आज भी कांग्रेस की टीम वही है, नेता व नीयत भी वही है, उन सब की निष्ठा एक ही परिवार के लिए है, तो निति भी वही होगी, जिसमें लूट, भ्रष्टाचार व बर्बादी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सोचती है कि सत्ता में रहना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब से गरीब का ये बेटा पीएम बना है, वे एक के बाद एक मेरे खिलाफ साजिशें करते जा रहे हैं। जितना ज्यादा कांग्रेस साजिश करती है, उतना ही ज्यादा जनता मुझे मजबूत करती है।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

### मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# हरियाणा को पीएम मोदी ने दी सौगात

### हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध, गरीब कल्याण की योजनाएं को लागू करने में हरियाणा अव्वल: मोदी

**डबल इंजन**

8 हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों में वृद्धि होगी





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /दीपिका शर्मा**

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी की वीर धरा पर हरियाणा की जनता से आने वाले वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए अपना सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा को अद्भुत संभावनाओं का राज्य बताते हुए कहा कि हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य के रूप में उभर रहा है और निवेश बढ़ने से नौकरियों के अवसरों में भी वृद्धि होगी। डबल ईंजन की सरकार विकसित हरियाणा बनाने में जुटी है, जिससे आज की युवा पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होने वाला है। टेक्नोलॉजी से टेक्सटाइल और टूरिज्म से ट्रेड तक राज्य में हर क्षेत्र में नए अवसर बढ़ने से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री जिला रेवाड़ी में आयोजित कार्यकर्म में एम्स व अन्य परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने उपरांत समारोह में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे पीएम के उम्मीदवार के रूप में घोषित किया था, तो मेरा पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में हुआ था। उस समय रेवाड़ी ने 272 पार का आशीर्वाद दिया था, जो मेरे लिये सिद्धि बन गया। अब जनता कह रही है कि फिर एक बार रेवाड़ी आया हूँ तो आपका आशीर्वाद मिलेगा और अब की बार एनडीए सरकार 400 पार।

लोकतंत्र में सीटों के महत्त्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके लिए जनता जनार्दन का आशीर्वाद ही सबसे बड़ी पूंजी है। आज पूरी दुनिया में भारत नई ऊँचाई पर पहुंचा है, ये जनता के आशीर्वाद के कारण ही संभव हुआ है। जिस प्रकार आज दुनिया में भारत को सम्मान मिलता है, वह मोदी का सम्मान नहीं, बल्कि हर भारतीय का सम्मान है। भारत का तिरंगा चंद्रमा पर वहाँ पहुंचा, जहाँ कोई नहीं पहुँच सका। पिछले 10 वर्षों में भारत 11 वें नंबर से ऊपर उठकर पांचवें नंबर की आर्थिक महाशक्ति बना है, ये भी जनता के आशीर्वाद से हुआ है और अब अगली टर्म में जनता के आशीर्वाद से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना भी बहुत जरूरी है और इसी कड़ी में आज हरियाणा के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया है। इन परियोजनाओं में कृष्णा सर्किट योजना के तहत ज्योतिसर में बना अनुभव केंद्र भी शामिल है।

#### केंद्र की हरियाणा से जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे हम पूरा करेंगे: मनोहर लाल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, जब देश के 22वें एम्स का यहां शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय देश की जनता उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रही थी, उनकी प्रधानमंत्री की वो यात्रा 15 सितंबर, 2013 को रेवाड़ी की धरा से ही आरंभ हुई थी।

### भाजपा के अधिवेशन में छाया रहेगा राम मंदिर

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले होने जा रहे भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियों के साथ ही अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुद्दा छाया रहेगा। भारत मंडपम में होने जा रहे अधिवेशन में पार्टी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग से प्रस्ताव पारित कर सकती है वहीं, शनिवार को अधिवेशन शुरू होने के एक दिन पहले ही पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 10 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियों पर गैलरी का उद्घाटन कर साफ कर दिया कि देश भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में चर्चा का यह अहम मुद्दा रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के अकेले 370 सीटें जीतने का लक्ष्य दिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां और खासकर गरीब कल्याण योजनाओं की अहम भूमिका होगी। 11 हजार से अधिक प्रतिनिधियों को इन उपलब्धियों को बूथ स्तर तक ले जाने के मंत्र दिये जा सकते हैं।

## 'किसानों की समस्याओं से केंद्र को सरोकार नहीं'



**साधा निशाना**

8 राहुल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों की भूमि छीनी जा रही है

**टीम एक्शन इंडिया/चंदौली/वाराणसी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर जमकर घेरा। राहुल ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। किसानों की भूमि छीनी जा रही है, लेकिन सच दिखाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का गरीब और किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में पहुंचने पर सैयदराजा नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश में दो तरह की विचारधारा है। एक भाई को भाई से जोड़ती है और एक भाई से भाई की नफरत कराती है। इस यात्रा के जरिए नफरत के बाजार में वह मोहब्बत की दुकान खोलने आए हूं।

इस यात्रा के जरिए हमने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मोहब्बत की दुकानें खोली हैं। उन्होंने कहा कि हम भाषण नहीं देते, आपसे 7-8 घंटे मिलते हैं, आपका दुःख दर्द सुनते हैं फिर आखिर में 15 मिनट बोलते हैं। राहुल अपनी जनसभा में पार्टी कार्यकताओं के साथ गठबंधन दल के कार्यकताओं की भीड़ देख उत्साहित नजर आए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर आते ही पता चल गया कि उत्तर प्रदेश में आ गए हैं।

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा टाइम बम बनाने में माहिर युवक, चार बम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित खालापार मोहल्ले से शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार टाइम बम बरामद किया है। बरामद बमों को निष्क्रिय करने के लिए मेरठ से बम निरोधक दस्ते को भी मौके पर बुलाया है। एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार



आरोपित का नाम जावेद है। उसके पास से चार टाइम बोतल बम (आईईडी) बरामद किए गए हैं। एसटीएफ की टीम आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है, इन बमों का इस्तेमाल किसी सुनियोजित षड्यंत्र में किया जाना था। जावेद ने पूछताछ में कबूल किया है कि यह बम खालापार इलाके में ही रहने वाली एक महिला ने ऑर्डर देकर बनवाए थे। टीम महिला की तलाश में जुटी है। इससे पूर्व जावेद टाइम बम बना चुका था। पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि आरोपी का ननिहाल नेपाल में है।

### चुनाव में काले धन के इस्तेमाल की बढ़ी आशंका के मद्देनजर चुनाव आयोग सतर्क

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद अब सत्ता के गलियारे में इस बार के चुनाव में काले धन का इस्तेमाल बढ़ने की चर्चा शुरू हो गई है। अटकल लगाई जा रही है कि वर्ष 2017 से पहले जिस प्रकार से चुनाव के दौरान काले धन का इस्तेमाल होता था, वह व्यवस्था फिर से वापस आ सकती है। दरअसल पूर्व की तरह चंदा का 80-90 फीसद फिर से अनाम स्त्रोत से ही आएगा।

**सख्ती** पार्टी ने कहा था- ना बिजली बिल भर पा रहे, ना कर्मचारियों को सैलरी दे पा रहे

## कांग्रेस के फ्रीज खातों से रोक हटी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इनकम** टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी है। एक घंटे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। माकन ने कहा- हमें गुरुवार को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे। कांग्रेस पार्टी के खाते भी फ्रीज कर



दिए गए हैं। इसके अलावा क्राउड फंडिंग वाले अकाउंट को भी फ्रीज कर दिया गया है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा- अभी हमारे पास बिजली का बिल भरने के लिए और अपने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं हैं। अकाउंट फ्रीज होने के कारण न केवल भारत जोड़ो न्याय यात्रा, बल्कि पार्टी की सभी राजनीतिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। यह लोकतंत्र को फ्रीज करने जैसा है।

**क्राउड फंडिंग**

8 इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है

आप लोगों को आज सुबह-सुबह बहुत ही चिंताजनक और निराशाजनक खबर शेयर करने के लिए बुलाया है। आप लोगों को जानकर आश्चर्य होगा और सही मायने में दुख भी होगा। हिन्दुस्तान के अंदर लोकतंत्र पूरी तरह से खत्म हो गया है।




# विधानसभा में फिर विश्वास मत लाए सीएम

## सीएम केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया, सदन की कार्यवाही आज होगी और प्रस्ताव पर चर्चा होगी

**प्रस्ताव**

8 दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ विपक्ष ने कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं रखा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज विधानसभा में विश्वास मत रखा। सीएम केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया। सदन की कार्यवाही आज होगी और प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके बाद सदन कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**पार्टी को तोड़ने का लगाया आरोप:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'हम देख सकते हैं कि पार्टियों को तोड़ा जा रहा है और झूठे मामले दर्ज करके अन्य राज्यों में सरकारें गिराई जा रही हैं। दिल्ली में वे शराब नीति मामले के बहाने अअढ नेताओं को गिरफ्तार करने का बहाना खोज रहे हैं। वे दिल्ली की सरकार को गिराना चाहते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि वे दिल्ली में कभी चुनाव नहीं जीत सकते। लोगों को यह दिखाने के लिए कि हमारा कोई भी विधायक नहीं टूटा और वे सभी बरकरार हैं, मैं एक विश्वास प्रस्ताव पेश करता हूं।'

**एक्स पर पोस्ट कर की घोषणा:** उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा, 'विधानसभा में आज मैं विश्वास मत रखूंगा।' दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ विपक्ष ने कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं रखा है। अचानक केजरीवाल के इस पोस्ट से सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ही सदन में विश्वास मत रखने की घोषणा की है। दिल्ली सरकार की ओर से यह नहीं बताया गया है कि विश्वास मत लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी है।

दिलचस्प यह भी कि आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ने भाजपा के सात विधायकों को भी अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया है।





## चुनाव लड़ाने के साथ मिलेंगे 25-25 करोड़: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के सीएम** अरविंद केजरीवाल ने आज विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- मेरे पास 2 एमएलए आए और उन्होंने बताया कि बीजेपी ने उन्हें कहा है कि आपके मुख्यमंत्री को हम कुछ दिन में गिरफ्तार कर लेंगे, हमने 21 विधायकों से बात कर ली है। उन्होंने 25-25 करोड़ का ऑफर दिया है और कहा है कि उन्हें अपनी पार्टी से चुनाव भी लड़वा देंगे। उन्होंने दावा किया कि इन्होंने कई बार ऑपरेशन लोटस की कोशिश की और इस बार भी हमारे सभी विधायकों ने मना कर दिया है। ये तथाकथित शराब घोटाला कोई घोटाला नहीं। मकसद केवल येन,केन, प्रकारेन दिल्ली सरकार गिराना है। उन्होंने कहा कि घोटाले की खबरें बनाकर उसकी आड़ में सारे आप के सारे नेता गिरफ्तार कर लिए, लेकिन ये भी प्रयास इनका सफल नहीं रहा। हमारा एक भी एमएलए नहीं टूटा, हमारे सारे के सारे एमएलए आज भी हमारे साथ हैं।




### 'अन्य पार्टियों का करेंगे अकाउंट फ्रीज'

**सीएम** ने कहा कि मेरे पास 2 एमएलए आये और उन्होंने बताया बीजेपी ने उन्हें कहा है कि आपके मुख्यमंत्री को हम कुछ दिन में गिरफ़्तार कर लेंगे, हमने 21 विधायकों से बात कर ली है उन्होंने 25-25 करोड़ का ऑफर दिया है और कहा है कि उन्हें अपनी पार्टी से चुनाव भी लड़वा देंगे। इन्ह

**'अन्य पार्टियों का करेंगे अकाउंट फ्रीज':** वहीं दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले इन्होंने ईडी-सीबीआई से डरा कर विपक्षी पार्टी के बड़े नेताओं को जेल भेज दिया। अब विपक्षी पार्टियों के अकाउंट फ्रीज कर उनका चुनाव लड़ना मुश्किल करना चाहते हैं। कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के अकाउंट फ्रीज करने के बाद ये आप, टीएमसी और दूसरी पार्टियों के भी अकाउंट फ्रीज करेंगे।

## हंगामे के चलते बीजेपी के सात विधायक सदन से हुए निलंबित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। शुक्रवार को सदन में हंगामे और नारेबाजी के चलते नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़ सभी सातों विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया। दरअसल, कोरम पूरा न होने के चलते 11 मिनट देर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। वहीं, सत्ता पक्ष के विधायक संजीव झा को 10 फरवरी को बेटी के जन्म पर स्पीकर और सदन ने बधाई दी। वहीं जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी विधायक सदन में हंगामा करने लगे। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक दिलीप पांडेय ने सदन में निलंबन प्रस्ताव रखा। उन्होंने मांग की कि नेता प्रतिपक्ष को छोड़कर सभी सात भाजपा विधायकों के आचरण और सदन की अवमानना के लिए मामला विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाए। साथ ही जब तक यह मामला समिति के पास रहे, इन सभी विधायकों को निलंबित रखा जाए। सत्ता पक्ष के विधायक संजीव झा ने भी किया इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

**कार्रवाई**

8 ामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़ सभी सातों विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया

**रामवीर सिंह ने किया सदन से वॉकआउट:** इसके बाद सदन में ध्वनिमत से यह प्रस्ताव पारित हो गया। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर सभी सात विधायक समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिए गए। सभी को सदन से मार्शल आउट किया गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी सदन से वॉकआउट कर गए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। प्रश्नकाल खत्म कर दिया गया है। विपक्ष को बाहर कर दिया जाता है। केंद्र की उपलब्धियों को भी अपना बताया जाता है। इसके बाद सभी भाजपा विधायक सीएम अरविंद केजरीवाल के कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने पहुंच गए। सभी विधायक केजरीवाल मुर्दाबाद, केजरीवाल भ्रष्टाचारी, तानाशाही नहीं चलेगी ।

## हर धमाके के साथ पेंट का ड्रम बना आग का गोला, कई मकानों पर गिरे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के अलीपुर की दयाल मार्केट के पास शीला बुआ मंदिर वाली गली स्थित पेंट फैक्ट्री में लगी आग के बाद आसपास की आधा दर्जन इमारतों का हाल रौंगटे खड़े कर देने वाला था। आग से फैक्ट्री में रखे केमिकल और पेंट से भरे ड्रम धमाके के साथ आग का गोला बनकर करीब 20 फीट तक उछले और इमारतों पर जाकर गिरे। जिससे इमारतों में केमिकल गिरा और आग तेजी से फैली। इन इमारतों में बनीं दुकानें भी आग की चपेट में आ गईं।

**गली में भी फैला ड्रमों से निकला केमिकल:** ड्रमों से निकला केमिकल गली में भी फैल गया और आग लग गई। इन ड्रमों में थिनर और अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखे थे। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि पेंट फैक्ट्री से करीब 10-12 मीटर दूर मौजूद कॉस्टमेटिक्स शॉप की इमारत की दूसरी मंजिल पर बने घर की छत पर केमिकल से भरा **ड्रम जाकर गिर गया।**



**एलपीजी सिलेंडर से ज्यादा घातक बन गए थे केमिकल ड्रम:** आसपास की दो और इमारतों में भी इसी तरह से आग लगी। आग बुझाने में जुटे एक दमकम कर्मचारी ने बताया कि केमिकल से भरे ड्रम एलपीजी सिलेंडर से भी ज्यादा घातक बन गए थे। फैक्ट्री में केमिकल से भरे ड्रम की संख्या भी ज्यादा थी, इसलिए आग ने और ज्यादा भयावह रूप ले लिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि आग के बाद भारी मात्रा में केमिकल गली में बहने लगा। जिसके चलते पूरी गली में आग फैल गई।

**गली में खड़े पांच वाहन भी चढ़े आग की भेंट:** गली में खड़े पांच दोपहिया वाहन भी आग के हवाले हो गए और फैक्ट्री से करीब 12 मीटर दूरी पर खड़ी मोटरसाइकिल और स्कॉर्पियो कार भी आग की चपेट में आ गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि अनुमान है कि ड्रमों में थिनर भी भरा हुआ था, जिसकी वजह से ड्रमों ने आग का गोला बनकर तबाही मचाई। आग बुझाए जाने के बाद गली में केमिकल के कई ड्रम पड़े मिले। एक दमकल कर्मचारी ने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने में दमकल की गाड़ियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। शीला बुआ मंदिर वाली गली काफी संकरी थी, जिसकी से पेंट फैक्ट्री तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

### गैस लीकेज से लगी आग, 1 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शाहदरा के राम नगर इलाके में शुक्रवार सुबह एलपीजी गैस सिलेंडर लीकेज से घर में आग लग गई। धुंए के कारण दम घुटने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

मृतक की पहचान बुद्रुक महतो के रूप में हुई है। मानसरोवर पार्क थाना ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**किराए पर परिवार के साथ रहते थे बुद्रुक:** बुद्रुक महतो अपने परिवार के साथ राम नगर में बेटी के साथ किराये पर रहते थे। वह चार मंजिला मकान में भूतल पर रहते थे। शुक्रवार सुबह सात बजे बेटी गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी।

**बुजुर्ग को घर में छोड़ पूरा परिवार निकला बाहर:** गैस लीकेज होने से घर में आग लग गई। बुजुर्ग को छोड़कर परिवार के बाकी सदस्य घर से बाहर आ गए। बुजुर्ग अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही दमकल व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## हॉस्टल के कमरे में लटकी मिली एमटेक छात्र की लाश

**दुखद**

8 मृतक की पहचान वर्ध संजय नेरकर निवासी नासिक, महाराष्ट्र के रूप में हुई है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आईआईटी** दिल्ली में एमटेक के एक छात्र की आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पिछले छह महीनों में यह आत्महत्या का चौथा मामला है। दिल्ली पुलिस ने मामले में जानकारी दी है कि उन्हें आईआईटी दिल्ली के द्रोणागिरि हॉस्टल से एक 23 वर्षीय छात्र के आत्महत्या की जानकारी मिली थी। मृतक की पहचान वर्ध संजय नेरकर निवासी नासिक, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एमटेक फाइनल इयर का एक छात्र अपने कमरे में पंखे से लटका पाया गया है। क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच कर ली है। आगे की कार्रवाई जारी है।



**कैसे पता चली मौत की बात:** बृहस्पतिवार से वर्ध परिवार का फोन नहीं उठा रहा था। जब बहुत समय हो गया तो परेशान परिवार ने उसके दोस्तों और हॉस्टल के कर्मचारियों को फोन किया। वर्ध के दोस्त जब उसके कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था और वह दरवाजा भी नहीं खोल रहा था। इस पर दोस्तों ने हॉस्टल स्टाफ को जानकारी दी जिसके बाद वो लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे।

**नजार देख सभी रह गए हैरान:** जब वर्ध के कमरे का दरवाजा खुला तो वहां का नजारा देख सभी की आंखें फटी रह गईं। वर्ध का शव बेडशीट के फंदे के सहारे पंखे से झूल रहा था।

## 'मुख्य विपक्षी दल का बैंक खाता जब्त करना अवैध और अलोकतांत्रिक'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** चुनाव से पहले कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के खाते सीज करने पर आम आदमी पार्टी ने प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली के मंत्री और आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चुनाव की घोषणा होने से कुछ हफ्ते पहले, प्राथमिक विपक्षी दल का बैंक खाता जब्त करना अवैध और अलोकतांत्रिक है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुबह से खबर आ रही है कि कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर लिए गए हैं। कहा जा रहा है कि यह 2018-19 का आकलन है जहां देर से रिटर्न दाखिल किया गया था। यह कार्रवाई 210 करोड़ रुपये की वसूली के लिए की जा रही है। दिल्ली के मंत्री ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव की घोषणा होने से कुछ हफ्ते पहले मुख्य विपक्षी दल का बैंक खाता जब्त करना अवैध और अलोकतांत्रिक है। कल सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर दिया था।

**आप को कॉरपोरेट घरानों से**

**साधा निशाना**

8 बीजेपी को बड़े कॉरपोरेट घरानों से करीब 6,566 करोड़ रुपये मिले हैं: आम आदमी पार्टी

**कितनी रकम मिली?**
सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी को बड़े कॉरपोरेट घरानों से करीब 6,566 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि आप को सिर्फ 94 करोड़ रुपये मिले हैं। हम चाहते हैं कि बीजेपी बताए कि वो कौन से कॉरपोरेट घराने हैं बीजेपी को किसने चंदा दिया? उन्हें (बीजेपी को) नैतिक आधार पर यह बताना चाहिए। बता दें कि शुक्रवार को कांग्रेस नेता अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि यूथ कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। कांग्रेस पार्टी के खाते भी सीज कर दिए गए हैं। चुनाव से ठीक 2 हफ्ते पहले जब विपक्ष के खाते फ्रीज कर दिए जाते हैं, तो यह लोकतंत्र को फ्रीज करने के बराबर है।

## 'परिसर खाली करने को तैयार', कोर्ट की जमीन कब्जाने के आरोप पर आप ने दी सफाई

**जवाब दाखिल**

8 सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करे कि उसे राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के अनुसार, एक वैकल्पिक जमीन आवंटित की जाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी पार्टी** (आप) ने अपने कार्यालय की जमीन से जुड़े विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा है। सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उसने राउज एवेन्यू में दिल्ली हाई कोर्ट की जमीन पर कब्जा नहीं किया है। यह जमीन 2015 में उसे आवंटित की गई थी। पार्टी वह परिसर खाली करने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट यह सुनिश्चित करे कि उसे राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के अनुसार, एक वैकल्पिक जमीन आवंटित की जाए, जबकि केंद्र सरकार के भूमि एवं विकास कार्यालय ने बताया कि यह जमीन राउज एवेन्यू कोर्ट के विस्तार के लिए आवंटित की गई थी। आम आदमी पार्टी राउज एवेन्यू में पार्टी कार्यालय को तत्काल खाली करने के निर्देश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय पहुंची और एक आवेदन के माध्यम से अपना पक्ष रखा है। पार्टी ने कहा कि इसका आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।



**शीर्ष अदालत ने जताई थी हैरानी:** सुप्रीम कोर्ट ने गत 13 फरवरी को इस मामले की सुनवाई की थी और दिल्ली सरकार, रजिस्ट्रार जनरल और दिल्ली हाई कोर्ट को आप द्वारा कब्जा की गई जमीन को खाली कराने के लिए बैठक करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने कोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का कार्यालय चलाए जाने पर हैरानी भी जताई थी।

### पानी की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पर प्रधान सचिव ने लगाई रोक

**नई दिल्ली : दिल्ली सरकार** द्वारा दिल्ली जल बोर्ड के पानी उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए लाई जा रही वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव ने रोक दी है। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि डीजेबी के दस लाख लोगों को पानी बिल में राहत देने के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाई जा रही है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव को इसका प्रस्ताव कैबिनेट में रखने का निर्देश दिया गया है, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव रखने से साफ इन्कार कर दिया है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे जल्द ही खुलने वाला है

**नई दिल्ली:** भारत का पहला एलिवेटेड शहरी एक्सप्रेसवे, (द्वारका एक्सप्रेसवे) जल्द ही यातायात के लिए खुल सकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, एक्सप्रेसवे के गुड़गांव सेगमेंट को मार्च के पहले सप्ताह तक खोले जाने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने तक द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन कर सकते हैं। गडकरी ने हाल ही में कहा था कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली और गुड़गांव के बीच यातायात प्रवाह को आसान बनाने वाले इस एक्सप्रेसवे को आखिरी रूप दिया जा रहा है।

## किसानों का भारत बंद... दिल्ली के बॉर्डरों पर लगा भारी जाम, रेंगती दिखी गाड़ियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एमएसपी सहित अन्य मांगों को लेकर किसानों का भारत बंद रहा। जिसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर में लोगों को परेशानी हुई। ऐसे में पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की थी। दिल्ली के बॉर्डरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई तो वहीं दिल्ली ट्रैफिक पुलिक की ओर से ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की। 'ग्रामीण भारत बंद' का आह्वान संयुक्त किसान और किसान मजदूर मोर्चा ने किया है। आज घर से निकलने से पहले ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी जरूर पढ़ लें। जानें आज कौन से रास्ते बंद हैं और किन रास्तों को डायवर्ट किया गया है। राजधानी में सुबह ऑफिस टाइम शुरू होते ही सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। वहीं चिल्ला, टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर भी जाम लग गया। जानकारी के लिए बता दें कि नोएडा से दिल्ली की ओर जाने वाली सड़क पर जाम लग गया है। भारत बंद की वजह से बॉर्डरों पर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और साथ ही कहा है कि किसानों को दिल्ली में प्रवेश नहीं करने देंगे। चिल्ला बॉर्डर पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई है।



**नोएडा पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी:** गौतम बौद्ध नगर पुलिस ने जानकारी दी है कि किसान संगठनों द्वारा बुलाए गए भारत बंद के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू कर दी है। साथ ही जिसमें अनधिकृत सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध भी शामिल है। नोएडा जोन के एडीसीपी मनीष मिश्र के मुताबिक श्रमिक संगठनों के भारत बंद व किसान आंदोलन को लेकर पुलिस पहले से सक्रिय है। पुलिस बल को अलग अलग स्थानों पर तैनात किया गया है। बॉर्डर एरिया में चेकिंग बढ़ा दी गई है साथ ही अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। सभी संगठनों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और सहयोग करने के लिए बात की गई है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकारी दफ्तरों के एक किमी के दायरे में ड्रोन की अनुमति नहीं होगी। राजधानी में पहले ही किसानों के मार्च के मद्देनजर सिंघू, टिकरी और गाजीपुर सीमाओं पर बैरिकेड की कई परतें लगा दी हैं। पिछले कुछ दिनों में यात्रियों को ट्रैफिक जाम की काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। दिल्ली-हरियाणा के सिंघु और टिकरी बॉर्डर, दिल्ली-गाजियाबाद के गाजीपुर बॉर्डर पर अत्यधिक भीड़ रह सकती है। ऐसे में यहां जाने से बचें।

**जाम से परेशानी**

8 किसानों के मार्च के मद्देनजर सिंघू, टिकरी और गाजीपुर सीमाओं पर बैरिकेड की कई परतें लगा दी

# पीएम ने 'मनोहर सरकार' की थपथपाई पीठ

## जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तिल भालखी गांव में प्रधानमंत्री ने 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले देश के 22वें एम्स का किया शिलान्यास

**विकास कार्य**

**8 डबल इंजन सरकार बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने किसानों, खिलाड़ियों और वीरों की धरती हरियाणा को एक बार फिर से 9770 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आज देश के 22वें एम्स की घोषणा को मूर्तरूप देते हुए जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तिल भालखी गांव में लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का शिलान्यास किया। यह संस्थान हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में मील का पत्थर साबित होगा, जो हरियाणावासियों तथा अन्य प्रदेशों के लोगों को उच्च स्तर की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। जिला रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में रेल तंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए वर्चुअल माध्यम से 5450 करोड़ रुपये की लागत की गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का भी शिलान्यास किया। गुरुग्राम मेट्रो लाइन नये गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ेगी, जिससे यात्रा के समय में बचत होगी। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से ही 470 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी-डोभ भाली रेल लाइन, 410 करोड़ रुपये की लागत से मानहेरू-बवानी खेड़ा रेल लाइन, 350 करोड़ रुपये की लागत से रेवाड़ी-काठूवास रेलवे लाइन तथा 310 करोड़ रुपये की लागत से काठूवास-नारनौल रेल लाइन दोहरीकरण परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इन लाइनों के दोहरीकरण होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यातायात व माल ढुलाई सुगम होगी।

**रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन का हुआ शुभारंभ:** प्रधानमंत्री ने 890 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोहतक-महम-हांसी नई रेलवे का भी शुभारंभ किया और झंडी दिखाकर इस लाइन पर पहली रेल सेवा की शुरूआत भी की। इस रेल लाइन से हिसार से दिल्ली को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अलावा, इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। रोजगार में बढ़ोतरी के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति का भी मार्ग प्रशस्त होगा।

## रेवाड़ी एम्स से हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान को भी पहुंचेगा लाभ - दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश को 9770 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात देने पर उनका आभार जताया है। यहां जारी बयान में डिप्टी सीएम ने कहा कि जिला रेवाड़ी के माजरा मुस्तिल भालखी गांव में लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से एम्स बनने पर हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा होगा , इससे जहां हरियाणा के लोगों को लाभ होगा वहीं पड़ौसी राज्य राजस्थान को नजदीक होने के कारण फायदा होगा। दुष्यंत चौटाला ने प्रधानमंत्री के आज के दौरे को प्रदेश में रेल तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि 5450 करोड़ रुपये की लागत की गुरुग्राम मेट्रो परियोजना राज्य की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरुग्राम के विकास को और अधिक गति देगी। इसी प्रकार, 470 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी-डोभ भाली रेल लाइन, 410 करोड़ रुपये की



लागत से मानहेरू-बवानी खेड़ा रेल लाइन, 350 करोड़ रुपये की लागत से रेवाड़ीझकाठूवास रेलवे लाइन तथा 310 करोड़ रुपये की लागत से काठूवास-नारनौल रेल लाइन की दोहरीकरण परियोजनाओं को प्रदेश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इन लाइनों के दोहरीकरण होने से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और यातायात व माल ढुलाई आसान होगी। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा 890 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रोहतक-महम-हांसी नई रेलवे का शुभारंभ करने पर विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि इस रेल लाइन से हिसार से दिल्ली को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी।

## पीएम ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र का किया उद्घाटन

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 240 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अनुभव केंद्र में महाभारत की कहानी से संबंधित कलात्मक, विषयगत और मल्टीमीडिया कथा प्रदर्शनी की जाएगी। यह संग्रहालय टच इंटरैक्टिव डिस्प्ले, एल.ई.डी दीवारें, प्रोजेक्शन स्क्रीन, इमर्सिव रूम, काइनेटिक्स इंस्टॉलेशन आदि जैसी प्रयोगात्मक तकनीकों के साथ बनाया गया है। इस केंद्र के माध्यम से धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र आने वाले तीर्थ यात्रियों को महाभारत से जुड़े प्रसंगों को सजीव रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसमें प्राचीन भारत से वर्तमान के गौरवशाली भारत की तुलना देखने को मिलेगी, जिससे आने वाली पीढ़िया प्रेरित होगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत, हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद बिप्लब देव, लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और सांसद धर्मबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

**पीएम के नेतृत्व में जितने काम हुए हैं वे बेमिसाल हैं- राव इंद्रजीत**

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 7 एम्स हुआ करते थे, जबकि आज प्रधानमंत्री ने देश के 22वें एम्स का शिलान्यास किया है। 2014 में एक साल में केवल 23 किलोमीटर मेट्रो स्थापित हुआ करती थी जो आज के दिन 63 किलोमीटर प्रति वर्ष बन रही है। गुरुग्राम में हुड्डा सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 27 किलोमीटर मेट्रो लाइन का भी शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जितने काम हुए हैं वे लाजवाब ही नहीं बल्कि बेमिसाल हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद बिप्लब देव, लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी और सांसद धर्मबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के विकसित भारत विजन को साकार करने का लोगों ने लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों में खुशहाली लेकर आयी है। घर द्वार पर ही लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य योजनाओं का लाभ मिलने से लोग खुश हैं। यात्रा के दौरान 51 लाख 70 हजार 714 लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के @2047 विकसित भारत विजन को साकार करने का संकल्प लेकर यह दर्शाया कि हरियाणा के लोग भी विश्व में भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। यह यात्रा हरियाणा में 6,745 ग्राम पंचायतों व शहरों के वार्डों को कवर कर चुकी है। यात्रा के दौरान सांसद, मंत्री, विधायक और अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनते हैं और उनका समाधान भी कराते हैं। यात्रा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाता है। लोग योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ उनका फायदा भी ले रहे हैं।

**स्वास्थ्य शिविरों में लोगों की सेहत की हो रही हैं जांच:** यात्रा के दौरान आज तक 8 लाख 68 हजार से ज्यादा लोगों ने हेल्थ कैंपों में पहुंचे। 5 लाख 94 हजार से अधिक लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 10 लाख 13 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड व 13 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गए।

17629 लोगों ने पीएम स्वनिधि योजना के लिए जानकारी ली। इस दौरान

**संकल्प**

**8 हरियाणा के लोग भी विश्व में भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते है**

19781 लोग आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 5327 लोगों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों के सेहत की जांच की जा रही है। शिविरों में निरोगी हरियाणा के अंतर्गत 46 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा वर्कशाप भी लगाई जा रही है, जिसमें किसानों को खेती करने के नए-नए टिप्स दिए गए। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने का आह्वान किया गया। तिलहन व दलहन की खेती अपनाने की भी सलाह दी गई। इसी प्रकार, यात्रा के दौरान 7 हजार से अधिक स्थानीय खिलाड़ियों को विशिष्ट व्यक्तियों के द्वारा उनके परिवारजनों व क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध व्यक्तियों के बीच सम्मानित किया जा रहा है, जिससे स्पोर्ट्स हब हरियाणा की उभरती खेल प्रतिभाओं में एक नयी ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सही मायनों में प्रदेश के हर गली-मोहल्ले तक पहुँचने में कामयाब रही है और प्रदेश की जनता ने योजनाओं का भरपूर लाभ भी उठाया है।

## श्रम विभाग ने केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्रों का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** श्रम विभाग ने पंचकूला स्थित ईएसआई हेल्थकेयर निदेशालय में सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की। सेंट्रल प्रोसेसिंग सेंटर का उद्देश्य हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के श्रमिक पंजीकरण, लाभार्थी आवेदन और संबंधित योजनाओं को क्रियान्वित करने के तरीके में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र के खुलने के साथ ही श्रम विभाग द्वारा प्रदेश में अब हिसार और पंचकुला में दो सीपीसी केंद्र खुल गए हैं। इसके अतिरिक्त, सोनीपत जिले में जल्द ही एक और सीपीसी शुरू करने की योजना है। ऐसे सीपीसी की स्थापना के पीछे प्राथमिक उद्देश्य पंजीकरण और योजना आवेदन प्रक्रियाओं की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करना है। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा श्रम विभाग ने कई अहम कदम उठाए हैं। इनमे अधिकारियों का कार्यालय में कार्य के दौरान मोबाइल उपकरणों का इस्तमाल वर्जित रहेगा ताकि प्रत्येक आवेदन को पूर्ण ध्यान और निष्पक्षता के साथ संशोधित किया जा सके।

## अमृत काल में बजेगा भारत का विश्व में डंका: ओमप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में अमृतकाल में भारत का पूरे विश्व में डंका बजेगा। स्वास्थ, शिक्षा ,ढांचागत विकास और गरीब कल्याण के उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। धनखड़ ने यह बात शुक्रवार को बादली विधानसभा क्षेत्र के गांव सुलोधा में विकसित भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेवाड़ी में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा रैली का ग्रामीणों संग लाइव संबोधन सुना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप



में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ और चरखी दादरी जिला परिषद चेयरमैन मनदीप डालावास ने शिरकत की। धनखड़ ने कहा कि पहले लोग अपने कार्यो के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते थे, अब मोदी के सेवाकाल में गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह मोदी के भारत की बदली हुई पारदर्शी और जिम्मेदारी से परिपूर्ण व्यवस्था है। धनखड़ ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के

**योजना**

**8 मोदी की रेवाड़ी में आयोजित विकसित भारत- विकसित हरियाणा रैली का ग्रामीणों संग लाइव संबोधन सुना**

लाभार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार ने गरीब और जरूरतमंद के हितों को प्राथमिकता दी है। किसानों की आय बढ़ाने और महिला सशक्तिकरण के रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। मोदी ने हर घर नल से जल पहुंचाया है, रसोई गैस पहुंचाई है।

## विधायक ने लोगों के साथ देखा रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास समारोह का सीधा प्रसारण



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी एम्स अस्पताल के शिलान्यास कार्यक्रम का गन्नौर स्थित कोर्ट परिसर में सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इस दौरान विधायक निर्मल चौधरी ने हरियाणा में एम्स अस्पताल का शिलान्यास करने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को इसका काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। भाजपा ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पिछले साल केंद्र सरकार की योजनाओं की सहायता से देश की एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनी है और इस साल में दो करोड़ और महिलाएं लखपति बनेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने संसद में महिलाओं को आरक्षण देने का कार्य किया। हरियाणा

**आभार**

**8 प्रत्येक 20 किलोमीटर पर सरकार महिला कालेज का निर्माण करवाया गया**

सरकार ने भी महिलाओं को पंचायत राज चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया है। हरियाणा में बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए प्रत्येक 20 किलोमीटर पर सरकार महिला कालेज का निर्माण करवाया गया, ताकि बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। इस दौरान विधायक ने पैंशनधारकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, एसीपी गोरखपाल राणा, तहसीलदार मनोज, नगर पालिका गन्नौर के चेयरमैन अरूण त्यागी, भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा, जिला महामंत्री निशांत छौक्कर सहित अन्य मौजूद रहे।

# 'आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता हो जाएगी लागू'

## राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिन के अंदर चुनाव घोषणा पत्र की तीन कॉपी सीईओ कार्यालय चंडीगढ़ में करवानी होगी जमा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। अनुराग अग्रवाल ने यह बात आज यहां आदर्श आचार संहिता के संबंध में अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों को अपने घोषणा पत्र जारी करने के तीन दिन के अंदर चुनाव घोषणा पत्र की तीन कापियां सीईओ कार्यालय, चंडीगढ़ में जमा करवानी होंगी। अग्रवाल ने बताया कि यदि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो




का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति संबंधित जिला अथॉरिटी से लेनी जरूरी है।

**रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का नहीं किया जाएगा प्रयोग:** उन्होंने बताया कि यदि कोई राजनीतिक दल रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए और जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

**राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का नहीं कर सकेगा प्रयोग:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगलो और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनीतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा और राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा।

**उम्मीदवारों के कार्यक्रमों पर इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम रखेगी नजर:** उन्होंने बताया कि इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम जिला स्तर पर बनाई गई है जो उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर विभिन्न प्रकार से नजर रखेगी। ताकि कार्यक्रमों में उम्मीदवार द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जा रहा।

## राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद में शामिल हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

**समालखा/कुलदीप सिंह**

समालखा नई अनाज मंडी में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान एआईयूटीयूसी से संबंधित कारखाना मजदूर यूनियन, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन के सदस्यों ने सयुंक्त तौर पर 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण भारत बंद में शामिल होते हुए सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी मांगों को लेकर धरना पर्दशन किया। इस दौरान सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पास किया गया। सभा को संबोधित



करते हुए कारखाना मजदूर यूनियन समालखा से प्रधान शेर सिंह व मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन महासचिव कुसुम पांचाल व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की नेत्री सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार किसान, मजदूरों, कर्मचारियों को उनका उचित हक नहीं दे रही है। इसलिए शुक्रवार को पूरे भारत में औद्योगिक हड्ताल और ग्रामीण बंद रखा गया है। हम इस धरने के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि वह हमारी मासिक न्यूनतम वेतन 28000 रू महीना लागू करे। रिटायरमेंट पर कम से कम 10000 मासिक पेंशन दे।

# हस्तशिल्प: मुस्तकीम-असरफ के प्योर लेदर बैग खूब लोकप्रिय हो रहे

## हरियाणा की तर्ज पर दिल्ली और महाराष्ट्र में भी एक जिला एक उत्पाद योजना से स्थानीय उत्पादों को मिल रहा बढ़ावा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अंकुश जैन**

फरीदाबाद में आयोजित हो रहे 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला में मुस्तकीम और असरफ अली के प्योर लैदर बैग्स बरबस ही अपनी ओर ध्यान खींचते हैं। इस स्टॉल पर एक से एक खूबसूरत बैग्स को पर्यटकों की खूब वाह-वाही मिल रही है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में स्टॉल नंबर-453 पर रखे गए इन प्योर लैदर के बैग्स नए-नए डिजाइन में उपलब्ध हैं। यह उत्पाद में मुख्य रूप से वॉलेट बैग, हैंड बैग, सीलिंग बैग, लैपटॉप बैग, ट्रॉली बैग, टिफन बैग सहित तमाम प्योर लेदर के बैग को बहुत ही खूबसूरती से बनाया गया है। पर्यटक जब उनकी दुकान के सामने से गुजरते हैं तो उन्हें लेदर के विभिन्न प्रकार के बैग अपनी ओर अवश्य आकर्षित करते हैं। दिल्ली के मुस्तकीम और असरफ अली ने बताया कि हरियाणा की तर्ज पर अब दिल्ली और महाराष्ट्र की सरकारों ने भी एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित हो रहा है। अब उनके जैसे सभी हस्तशिल्प कलाकारों को एक ही छत के नीचे अपने उत्पाद की मार्केटिंग करने तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य में वे पिछले सात वर्षों से लगे हुए हैं। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उन्होंने माइनॉरिटी स्कीम के जरिए यह कार्य मात्र डेढ लाख रुपए के लोन से शुरू किया था। इससे वह

**भा रहे**

**8 1974 में तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इनके दादा अब्दुल को अवार्ड से सम्मानित किया था**

सालाना छः से सात लाख रुपए की आमदनी करने में सक्षम बन गए हैं। उनका कहना है कि लेदर कला हस्तशिल्प में माहिर होने से चलती है। अब उनके साथ लगभग एक दर्जन लोग इस रोजगार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे पिछले सात सालों से निरंतर सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में अपनी स्टॉल लगाते आ रहे हैं। मेले में बैग्स का रिटेल का व्यापार काफी अच्छा चल रहा है। वे कहते हैं कि सूरजकुंड शिल्प मेले में व्यापार को बढ़ावा मिलता है। मेले में उन्हें खूब ग्राहक मिल रहे हैं और दुकान की प्रसिद्धि भी बढ़ती जा रही है। उनके द्वारा बनाए गए वॉयलेट 250 रुपए का तथा लेदर बैग मात्र 1200 रुपए से शुरू होकर 8 हजार रुपए तक उपलब्ध हैं।

दूसरी ओर, आइवरी कार्विंग (हाथी दांत की नक्काशी) में देश - विदेश में पहचान बनाने वाले हस्तशिल्प अब्दुल हसीब भी 37 वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में पहुंचे हैं। उनकी मुगलकालीन नक्काशी कला को देखने के लिए पर्यटक उनके स्टॉल पर अवश्य रुकते हैं। अब्दुल हसीब आइवरी कार्विंग के लिए साल 2013 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार और साल 2018 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू द्वारा शिल्प गुरु का सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। इन्होंने अपनी स्टॉल पर मुगल कालीन नक्काशी को बखूबी संजोया हुआ है।

अब्दुल हबीस को नक्काशी की कला विरासत में मिली है। वे बताते हैं कि उनके पूर्वज शाहजहां के काल में हाथी के मौजा पर नक्काशी किया करते थे। वर्ष 1892 से इनके पूर्वजों के नक्काशी के रिकॉर्ड को उन्होंने संजोकर रखा हुआ है। इसके अलावा हाथी दांत की नक्काशी के लिए 1974 में तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इनके दादा अब्दुल मलिक को राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया था।

# 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे हितैषी'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भाजपा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे हितैषी और उनके प्रति संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नीयत में सूई की नोक के बराबर भी कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है। इसीलिये उनके कल्याण के लिये अनेक योजनओं को क्रियान्वित कर धरातल पर उतारा है।



संजय भाटिया आज प्रेम नगर के सामुदायिक भवन में रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स के शिलान्यास समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लाइव प्रसारण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रधानमंत्री के करीब 40 मिनट के संबोधन को उपायुक्त अनीश यादव, एसडीएम अनुभव मेहता, सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिल्लौड़, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर जगमोहन आनंद, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, भाजपा जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, भगवान दास अग्घी, मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, ओबीसी मोर्चा से राजेश सैनी, भाजपा जिला कार्यालय सचिव मदन गुज्जर, राजबीर खोखर, दर्शन सहगल, एससी मोर्चा की एडवोकेट गीता परोचा व रतन सिंह वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के लाईव उद्बोधन को सुना। सांसद संजय भाटिया ने इस मौके पर 18 लोगों को पैंशन संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किये।

**उपलब्धि**

**8 पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के दुख-दर्द को करीब से महसूस किया है : सांसद संजय भाटिया**

सांसद ने कहा कि आजादी के बाद करीब 60 साल कांग्रेस का राज रहा, पर इस अवधि में अंग्रेजी शासनकाल में बिछाई गई एक भी रेलवे लाईन का विस्तार नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की तकलीफों को समझते हुये न केवल घर-घर शौचालयों का निर्माण कराया, बल्कि उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराये। प्रधानमंत्री ने चूल्हे के धुएं से होने वाली परेशानी और अंधेरा होने तक निवृति के लिये इंतजार करने के महिलाओं के कष्ट को समझा। इससे स्पष्ट है कि वे महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गरीबों के पास इलाज के लिये पैसे नहीं होते थे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर हुआ वर्कशॉप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक, एमएसएमई डीएफओ करनाल सतपाल ने आए हुए सभी आर्टिस्टों (कारीगर) व अधिकारियों का प्रोग्राम में पहुंचने पर स्वागत किया।



कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ निदेशक संजीव चावला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बताया कि यह योजना 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा लांच की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हाथ से कार्य करने वाले परंपरागत दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगरों को 15 हजार रुपये तक की टूल किट और 3 लाख रुपये तक की राशि 5 प्रतिशत ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपए दैनिक भत्ता, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने एक वीडियो के माध्यम से विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा कारीगरों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम में कपिल मित्तल, संयुक्त निदेशक, जिला एमएसएमई ने भी संबोधित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### भारत में अब जार्डियन्स (एम्पाग्लिफ्लोज़िन) वयस्क क्रोनिक किडनी डिसीज के इलाज के लिए मंजूरी दे दी गई है

**नई दिल्ली।** भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने eGFR रोगियों में निरंतर गिरावट, अंतिम चरण की किडनी की बीमारी, हृदय संबंधी मृत्यु और क्रोनिक किडनी डिसीज (सीकेडी) के बढ़ने के जोखिम वाले वयस्कों में अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के लिए जार्डियन्स (एम्पाग्लिफ्लोज़िन) 10 एमजी टैबलेट को मंजूरी दे दी है। यह संकेत अनुमोदन नेफ्रोलॉजिस्ट और हृदय रोग विशेषज्ञों को पात्र रोगियों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स 10 एमजी टैबलेट का उपयोग करने की अनुमति देता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पॉलीसिस्टिक किडनी रोग वाले मरीजों में सीकेडी के इलाज के लिए जार्डियन्स की सिफारिश नहीं की जाती है या ऐसे मरीज जिन्हें अंतःशिरा इम्यूनोस्प्रेसिव थेरेपी की आवश्यकता होती है या हालिया इतिहास है या गुर्दे की बीमारी के लिए 45 एमजी से अधिक प्रेडनिसोन या समकक्ष है। इस अनुमोदन से भारत में सीकेडी5 से ग्रस्त अनुमानित 3 करोड़ 30 लाख से अधिक वयस्कों के लिए देखभाल के मानक को आगे बढ़ाने की और सीकेडी से ग्रस्त लोगों के लिए अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को कम करने के साथ-साथ गुर्दे की विफलता की प्रगति में देरी करके स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने में मदद करने की क्षमता है। गगनदीप सिंह बेदी, मैनेजिंग डायरेक्टर, बोहरिंगर इंगेलहेम इंडिया, ने बताया, "क्रोनिक किडनी डिसीज एक गंभीर स्वास्थ्य मुद्दा है, और रोग की प्रगतिशीलता को धीमा करने और परिणामों को बेहतर बनाने वाले चिकित्सा उपचार अत्यंत आवश्यक हैं। हम किडनी रोग से पीड़ित लोगों और उनके चिकित्सकों की मदद करने में एम्पाग्लिफ्लोज़िन की आवश्यक भूमिका निभाने की मंजूरी और क्षमता को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह भारत में अधूरी चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने वाले नवाचारी समाधान लाने की हमारी प्रतिबद्धता पर भी जोर देता है।"

# अज्ञात वाहन ने पंजाब के युवक को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** कस्बा घरौंडा में नेशनल हाईवे पर लिबर्टी के सामने एक अज्ञात वाहन ने पंजाब के युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और पानीपत रिफाइनरी ददलाना में लेबर का काम करता था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान शमशेर सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह के रूप में हुई। मृतक पंजाब के जिला अमृतसर के गांव लोहगढ़ का रहने वाला था, जो कई सालों से ददलाना के नजदीक रिफाइनरी में लेबर का काम करता था। शमशेर शुक्रवार को रिफाइनरी में अपना काम करने के बाद घर के लिए चला था। मृतक के पिता नरेंद्र ने शिकायत में बताया है कि उन्हें किसी ने फोन पर सूचना दी कि उनके बेटे का शव लिबर्टी फैक्टरी के सामने पड़ा है। इसके बाद मैं मौके पर पहुंचा और देखा उसके बेटे को वाहन द्वारा कुचला गया था। उसके पेट व टांगों से भारी वाहन के पहिए उतरे हुए थे।

# योग का मतलब है जोड़ना, खुद में ऊर्जा को समाहित करना : दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिक्षक देवेश भाटिया द्वारा नवनिर्मित शेड में चार दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन राजेश अग्घी पूर्व डिप्टी मेयर एवम वार्ड की पूर्व पार्षद मेघा भंडारी ने शिरकत की।



मेघा भंडारी ने दिनेश गुलाटी और उनकी टीम को बधाई दी और महिलाओं के लिए एक शाम की योग कक्षा खोलने के लिए प्रस्ताव रखा। इसके बाद राजेश अग्घी ने भी नए शेड की बधाई एवम शुभकामनाएं दी और दिनेश गुलाटी और उनकी टीम की योग के प्रति समर्पण की सराहना की।

योग सत्र की शुरूआत गुलाटी ने योगिंग जोगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन से करवाते हुए लाभ बताए। उपस्थित सभी शिक्षकों ने पूरा सहयोग दिया। योग प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए गुलाटी ने कहा कि योग करते हुए कुछ नियमों का ध्यान रखना चाहिए। सर्वप्रथम योगाभ्यास प्रशिक्षित योग शिक्षक के निर्देशन में करना चाहिए। योग करते समय आसन या दरी जरूर बिछाएं और साथ ही आरामदायक वस्त्र डालें। योग करते समय तन की तरह मन भी स्वच्छ होना चाहिए।

इस अवसर पर शिक्षक नीलम बठला, वीना धीर, नवीन जिंदल, राजीव शर्मा, अनफ चौधरी, पूनम खन्ना, ममता धवन, भूपिंदर कुमार, रीता कुमारी, नमिता, संध्या, कुमकुम, यशिका, सरोज, राजन भाटिया, गोकुल और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

# पीएम श्री कुंजपुरा के विद्यार्थियों ने किया आईसीएआर का भ्रमण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा के विज्ञान और गणित के 50 बुद्धिमता विद्यार्थियों को प्राध्यापक मनजीत कौर व पूजा की अध्यक्षता में आईसीएआर प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संस्थान ब्यूरो करनाल का भ्रमण करवाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के अंदर वैज्ञानिक और गणितीय दृष्टिकोण विकसित करना है।

अनुसंधान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.सोनिया अहलावत ने छात्रों को पशु, आनुवंशिकी, अंडा और जीवाणु विज्ञान तथा उच्च गुणवत्ता वाले पशुओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। छात्रों ने संस्थान के उच्च स्तरीय प्रयोगशालाओं और तकनीकी संस्थानों का भी अध्ययन किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अपने आप में एक विशेष भ्रमण था।

# 'एम्स की सौगात से मिलेगा प्रदेश के जन-जन को लाभ'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले लंबे समय से चली आ रही एम्स की डिमांड को पूरा करते हुए नई सौगात दी है। इससे प्रदेश के जन-जन को इसका लाभ मिलेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की ओर उठाया गया कदम है।



विधायक धर्मपाल गोंदर शुक्रवार को विकसित भारत-विकसित हरियाणा के तहत नीलोखेड़ी की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि के रूप में पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान रेवाड़ी से प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन आमजन ने सुना।

धर्मपाल गोंदर ने कहा कि हरियाणा के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। आज प्रदेश को प्रधानमंत्री ने 9770 करोड़ रुपये की 9 परियोजनाओं की सौगात दी है। एम्स की डिमांड पिछले काफी समय से थी। प्रधानमंत्री ने इसे पूरा करते हुए इसकी आधारशिला रखी है। इससे भविष्य में आमजन को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी के लिए मूलभूत आवश्यकता है। अच्छी व बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल निरंतर कार्य कर रहे हैं। हरियाणा के प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज या तो खोल दिया गया है या फिर उसके निर्माण के लिए कार्य शुरू हो गया है।

उन्होंने इन विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के मौके पर पूरे प्रदेशवासियों को बधाई दी। नीलोखेड़ी के पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देश और प्रदेश को योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज रेवाड़ी से एम्स के साथ-साथ अनेकों विकास परियोजनाओं का तोहफा प्रदेशवासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है, जो प्रदेश को 9 बड़ी परियोजनाएं पीएम के हाथों मिली हैं। उन्होंने कहा कि एम्स के निर्माण होने से दूर-दूर के लोग इसका लाभ उठाएंगे। न केवल प्रदेश बल्कि दूसरे राज्यों के लोग भी इसका लाभ लेंगे।

उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजना की सौगात भी दी है, जो नए गुरुग्राम को पुराने गुरुग्राम से जोड़ेगी, इससे यात्रा का समय बचेगा। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागडोर संभाली है।

# श्री गणेश राजगोपालन ने 'दिस मोमेंट' के साथ 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** उस्ताद जाकिर हुसैन जी और जॉन मैकलॉघलिन के नेतृत्व में वायलिन वादक श्री गणेश राजगोपालन ने प्रसिद्ध फ्यूजन बैंड 'शक्ति' ने अपनी नवीनतम उत्कृष्ट कृति 'दिस मोमेंट' के साथ 'सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम' के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता। चेन्नई के रहने वाले, श्री गणेश अपने भाई, कुमारेश के साथ पांच दशकों से अधिक की संगीत प्रतिभा लेकर प्रसिद्ध वायलिन जोड़ी गणेश कुमारेश बनाते हैं। भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनकी विरासत ने इस शैली पर एक अमिट छाप छोड़ी है। श्री गणेश का योगदान शक्ति से भी आगे तक फैला हुआ है; वह भारत में वाद्य संगीत के लिए अपनी पहचान बनाने में अग्रणी हैं। इलियाराजा, एआर रहमान और कीरावनी जैसे आइकनों के साथ सहयोग करते हुए, श्री गणेश की रचनाएँ नवीनता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए, कर्नाटक संगीत के साथ शैलियों का सहज मिश्रण करती हैं। उनकी उपलब्धियों में प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार शामिल है, जो प्रदर्शन कला में उनकी महारत का प्रमाण है। ग्रैमी जीत पर विचार करते हुए, श्री गणेश ने बैंड के प्रति आभार व्यक्त किया और जाकिर हुसैन जी और जॉन मैकलॉघलिन जी द्वारा उन पर दिए गए विश्वास को स्वीकार किया। उन्होंने टिप्पणी की, "भारतीय शास्त्रीय संगीत मेरी यात्रा का अभिन्न अंग रहा है, और यह जीत इसका गौरव है क्योंकि हम वैश्विक दर्शकों के लिए संगीत की उत्कृष्ट कृतियों का निर्माण जारी रख रहे हैं।" श्री गणेश राजगोपालन, एक प्रदर्शनकारी कलाकार, संगीतकार, शिक्षक और ईश्वरा स्कूल ऑफ म्यूज़िक के संस्थापक, कलात्मक उत्कृष्टता की भावना का प्रतीक हैं और अपनी संगीत प्रतिभा से पीढ़ियों को प्रेरित करते रहते हैं।

# इंटरलोकिंग टाइलें बिछाने के कार्य का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** वार्ड नंबर तीन की राजीव पुरम कालोनी की अंतिम तीन गलियों में इंटरलोकिंग टाइलें बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। गुरू रविदास भवन व शिव मंदिर के सामने वाली गली और अनाथाश्रम के सामने वाली गली व अटल पब्लिक स्कूल के सामने वाली गली में इंटरलोकिंग टाइलें बिछाई जाएंगी। यह कार्य करीब 45 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस कार्य का शुभारंभ रविदास महासभा के प्रधान चमेल सिंह भोला व राम कुमार सेवादार द्वारा किया गया।



राजीव पुरम वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बीएल टेकारिया ने बताया कि यह इन गलियों में टाइल बिछाने का कार्य पिछले तीन सालों से लंबित पड़ा था। वार्ड-3 के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि पप्पू लाठर के अथक प्रयास तथा राजीव पुरम वेलफेयर एसोसिएशन के भरपूर सहयोग से यह कार्य संभव हो पाया है।

टाइलें बिछाने के बाद दोनों मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी इसक पूरा लाभ मिलेगा। लोगों ने इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त किया।

# ग्रामीण भारत बंद का आह्वान सफल रहा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ओर से घोषित ग्रामीण भारत बंद का आह्वान सफल रहा। ग्रामीणों ने शहर व खेतों से दूरी बनाए रखी। ग्रामीण भारत बंद के साथ-साथ सभी किसान, मजदूर व कर्मचारी संगठनों ने सडकों पर उतरकर सांझे तौर पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आवाज को बुलंद किया।



इसी के चलते करनाल में भी किसान, मजदूर व विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने सीएम सिटी की सडकों पर उतर कर अपनी एकता की ताकत का अहसास करवाया। प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए रोष जताया। गौरतलब है कि किसान आंदोलन की लंबित मांगों को लेकर व मजदूर व कर्मचारियों की मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन से पूर्व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसान भवन में एकत्रित हुए। किसान भवन में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुवाई में किसान भवन से नारेबाजी करते हुए कर्ण पार्क पहुंचे।

किसान, मजदूर व कर्मचारियों ने कर्ण पार्क से लेकर घंटाघर चौक तक रोष मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मांग करते हुए कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए तथा किसानों के लिए खरीद गारंटी का कानून बनाया जाए। रतन मान ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन जारी रहेगा। सरकार जानबूझकर किसान, मजदूर, कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है, जिसके लिए आज देश के सभी वर्ग परेशान है। इसलिए किसान, मजदूर, कच्चे-पक्के कर्मचारी लगातार आंदोलन करने के लिए मजबूर है।

# करनाल में किसानों ने तीन घंटे कराए टोल प्लाजा फ्री

## सरकार किसानों की मांगें मान ले, बुलावा आया तो जाएंगे : गुरनाम सिंह चढूनी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** भारत बंद के आह्वान के बीच करनाल में आज तीन घंटे टोल प्लाजा फ्री किया गया। करनाल के बसताड़ा टोल प्लाजा और प्योंत टोल प्लाजा दोनों पर किसानों ने 12 से 3 बजे तक धरना दिया और इस दौरान जो वाहन यहां से गुजरे, उनको बिना टैक्स के निकलवाया। वहीं करनाल में आज भारत बंद का असर भी मिला जुला दिखाई दिया। सर्व कर्मचारी महासंघ द्वारा किसानों के भारत बंद का समर्थन दिया है।



इस बीच भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढूनी करनाल के बसताड़ा टोल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांगें मान ले। किसानों की मांगें सही हैं। बॉर्डर ऐसा बना दिया, जैसे कोई हो जंग। चढूनी ने संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं पर भी निशाना साधा और कहा कि हम किसानों की मांगों का समर्थन करते हैं। वहां इसलिए नहीं गए कि कोई बुलाएगा तो जाएंगे। लोग आरोप लगाते हैं कि राजनीति करते हैं, लेकिन संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जब बनाए थे, वह भी राजनीति करते थे। हमारा समर्थन है, लेकिन अगर बुलाएंगे तो जाएंगे। बाकी आगे की आगे देखेंगे।

**विरोध**

**8 हमारा समर्थन है, लेकिन अगर बुलाएंगे तो जाएंगे। बाकी आगे की आगे देखेंगे: गुरनाम सिंह चढूनी**

चढूनी ने एक बार फिर किसानों को राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक किसान राजनीति में किसी पद पर नहीं होगा, तब तक उसे अपना हिस्सा नहीं मिलेगा। किसान अपना नेता चुनकर लोकसभा या विधानसभा में भेजें, ताकि वह किसानों की आवाज बने। अगर किसी किसान नेता को वोट नहीं देना चाहते तो किसी ऐसे नेता को वोट दे दो, जो किसानों की मांगों को पूरा करने का पक्का वायदा करता हो।

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने मोदी की लोकप्रियता को लेकर ब्यान दिया, जिस पर चढूनी ने कहा कि किसान आंदोलन किसानों की मांगों को लेकर है और पूरे देश का किसान डल्लेवाल के पीछे नहीं है। आंदोलन में तो 20 किसान नेता और बैठे हुए हैं, एक व्यक्ति के ब्यान को इतना ज्यादा हाईलाइट नहीं करना चाहिए।

# विधायक व डीसी ने किया कुटेल मेडिकल यूनिवर्सिटी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

कुटेल में निमार्णाधीन पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का विधायक हरविंद्र कल्याण व डीसी अनीश यादव ने अधिकारियों के साथ दौरा किया तथा चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रगतिशील व दूरदर्शी सोच का ही यह नतीजा है कि करनाल ज़िले के कुटेल गाँव में मेडिकल यूनिवर्सिटी की सौगात क्षेत्र को मिली है जिसके पूरा होने के बाद लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होंगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसार



इस यूनिवर्सिटी में आठ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनेंगे तथा शुरूआती चरण में ओपीडी सेवाओं को शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि समाज की पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं के साथ साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचें। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के प्रत्येक जिले में या तो मेडिकल कॉलेज खोले जा चुके हैं।

## संपादकीय

# एमएसपी को लेकर सड़कों पर किसान

**मरने** -मारने के अंदाज में किसान एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। चुनाव माहौल गरम होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादे पर डट जाते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाएं । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्नदाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिए ? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन और प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे राहुल गांधी ने कहा है, "देश में किसानों को जो मिलना चाहिए, वो उन्हें नहीं मिल रहा है। लेकिन इस तथ्य को नजरअंदाज किया जाता है कि केंद्र सरकार देश के किसान परिवारों एवं खेती की दशा-दिशा सुधारने के लिए हर साल तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। इसमें उर्वरकों पर सब्सिडी के अतिरिक्त कृषि मंत्रालय की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनके जरिए किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे जाते हैं। जानकारों के अनुसार, केन्द्र सरकार केवल समग्र कृषि योजनाओं के माध्यम से दी जाने वाली सहायता राशि का अगर औसत आकलन किया जाए तो प्रत्येक किसान पर कृषि एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत हर साल लगभग 22 हजार रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है। अब आंदोलनकारी किसान यह भी कह रहे हैं कि पराली जलाने पर उन पर कोई दंड ना हो। यानी कि प्रतिदिन इनकी नई-नई मांगें सामने आ रही हैं कपराली जलाने के कारण कितना वायु प्रदूषण फैलता है और उससे कितने लोग प्रभावित होते हैं, इससे किसान लगभग बेपरवाह हैं। पिछले साल नवंबर के महीने में इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट ने बहुत साफ कहा था कि पंजाब में धान की खेती जारी रखने से लंबे समय में विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

# चुनावी चंदे के धंधे पर लगी सुप्रीम रोक



रमेश सर्राफ धमोरा

> "इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम का सबसे अधिक फायदा केन्द्र में सत्तरूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को ही मिला है"

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक बड़ा फैसला देते हुए राजनीतिक दलों के लिए चंदा जुटाने की पुरानी इलेक्टोरल बांड स्कीम को अवैध करार देते हुए इसके जरिए चंदा लेने पर तत्काल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया है। बेंच में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। अपने फैसले में चीफ जस्टिस ने कहा है कि पॉलीटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी वह प्रक्रिया है जिससे मतदाता को वोट डालने के लिए सही चॉइस मिलती है। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है। जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजो की बेंच ने तीन दिनों तक लगातार सुनवाई करने के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) सहित अन्य ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड योजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुये इन सभी ने इस योजना को लागू करने के लिए फाइनेंस एक्ट 2017 और फाइनेंस एक्ट 2016 में किए गए कई संशोधन को गलत बताया था। याचिकाकताओं का दावा है कि कि इससे राजनीतिक दलों को बिना जांच और टैक्स भरे फंडिंग मिल रही है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 2017 के बजट में चुनावी इलेक्टोरल बांड स्कीम को पेश किया था। जिसे 2 जनवरी 2018 को केंद्र सरकार ने नोटिफाई किया था। इस योजना को उसी समय चुनौती दी गई थी। लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक दलों को निर्देश दिया था कि वह 30 मई 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बांड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने उस समय इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी। बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक



लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन दिया था। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया था कि किस तरह चुनावी बांड योजना पर चुनाव आयोग, रिजर्व बैंक की चिताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार कर दिया था। इस पर चुनाव आयोग ने भी अपनी नकारात्मक राय दी थी। चुनाव आयोग का मानना था कि चंदा देने वालों के नाम गुमनाम रखने से पता लगाना संभव नहीं होगा कि राजनीतिक दल ने धारा 29( बी )का उल्लंघन कर चंदा लिया है या नहीं। विदेशी चंदा लेने वाला कानून भी बेकार हो जाएगा। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक का मानना था कि इलेक्टोरल बांड मनी लॉन्ड्रिंग को बढ़ावा देगा। इसके जरिए ब्लैक मनी को व्हाइट करना संभव होगा। चुनाव आयोग व रिजर्व बैंक की आपत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट का फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के पहले केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को लोकसभा को बताया था कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के माध्यम से 30 किश्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गए हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में,वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि भारतीय स्टेट बैंक से खरीदे गए चुनावी बांड (चरण 01 से चरण 30) का कुल मूल्य लगभग 16,518 करोड़ रुपये है। चौधरी ने कहा था कि केंद्र ने पहले 25 चरणों के लिए चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए एसबीआई को 8.57 करोड़ रुपये का कमीशन दिया है। इसके अलावा इसने अब तक सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल) को 1.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। चौधरी ने बताया था कि केंद्र सरकार ने 2 जनवरी 2018 को चुनावी बॉन्ड योजना को अधिसूचित किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि स्वच्छ कर भुगतान किया गया पैसा उचित बैंकिंग चैनल के माध्यम से राजनीतिक फंडिंग की प्रणाली में आये। हालांकि दानदाताओं के नाम गुमनाम रहे और सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर रहे। ये बांड विशेष रूप से राजनीतिक दलों को धन के योगदान के लिए जारी किए गए थे और इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में ही खरीदा जा सकता था। इलेक्टोरल बॉन्ड से उसी पार्टी को चंदा लेने का अधिकार था जो जनप्रतिनिधित्व कानून-1951 रिपर्जेंटेशन आफ द पिपुल्स एक्ट की धारा 29 के तहत रजिस्टर्ड हो। जिसे लोकसभा या विधानसभा चुनाव में कम से कम 1 प्रतिशत वोट मिला हो। भारत में चुनाव आयोग के समक्ष करीबन 1900 पार्टियाँ पंजीकृत हैं।

इनमें सैकड़ों ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने कभी चुनाव ही नहीं लड़ा है। इससे यह साफ हो जाता है कि कुछ तो गड़बड़ जरूर है। देश के पंजीकृत राजनीतिक दलों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 13 ए के तहत आयकर से छूट मिलती है। उनके लिये दान या चंदा लेने की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है। उनको सिर्फ उस लेन-देन का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष पेश करना होता है जो 20 हजार या उससे ज्यादा हो। इससे कम की रकम का कोई हिसाब उसे नहीं देना होता है। इसी का लाभ उठाकर तमाम राजनीतिक दलों पर कालेधन को सफेद करने और चुनावों में बेहिसाब कालाधन खर्च करने के आरोप लगते रहे हैं। यहीं कारण है कि सैकड़ों दल चुनाव नहीं लड़ते लेकिन राजनैतिक दल के तौर पंजीकृत हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम का सबसे अधिक फायदा केन्द्र में सत्तरूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को ही मिला है। चुनाव आयोग के अनुसार 2018-19 में भाजपा को 1450 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 383 करोड़ रुपए का चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये मिला था। वहीं 2019-20 में भाजपा को 2555 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 318 करोड़ रुपए मिले थे। 2020-21 के कोरोना काल में भी भाजपा को 22.38 करोड़ व कांग्रेस को 10.07 करोड़ रुपए मिले थे। 2021-22 में भाजपा को 1032 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 236 करोड़ रुपए चंदे में मिले। 2022-23 में भाजपा को 1300 करोड़ रुपये व कांग्रेस को 171 करोड़ चंदे में मिले। रुपये इस तरह 2018 से 2022 तक भाजपा को 6359.38 करोड़ रुपए व कांग्रेस को 1118.07 करोड़ रुपए मिले थे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य क्षेत्रीय दलों को भी इस योजना में बड़ी मात्रा में चंदा मिला है। इलेक्टोरल बांड स्कीम से देश के सभी राजनीतिक दलों को चंदा मिला है। सभी दलों ने चंदे कि बहती गंगा में हाथ धोया है। अब यदि कोई राजनीतिक दल खुद को पाक साफ दिखने के लिए अन्य दलों पर कीचड़ उछाले तो वही बात होगी सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने चली। चुनाव में पानी की तरह बेहिसाब पैसा बहाकर सत्ता में आनेवाला कोई भी राजनीतिक दल कभी लोक कल्याणकारी नीतियों को प्रोत्साहन देने वाला नहीं हो सकता है। अतः राजनैतिक दलों की वित्तीय अनियमिततों को दूर करना आज वक्त की जरूरत बन चुकी है। हालांकि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस संबंध में अब तक जितने भी प्रयास हुए हैं नाकाफी ही साबित हुए हैं। इस दिशा में सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राजनीति में चल रहे चंदे के गंदे धंधे पर रोक तो जरूर लगेगी जो राजनीतिक सुचिता की दिशा में एक नयी पहल होगी।

## कविता

"इश्क रहते हो इश्क करते हो
तुम
दूर रहकर भी साथ रहते हो तुम
सदा मेरी आंखों में काजल बने रहते हो
तुम"
विशिष्ट काव्य अतिथि कवि,चिंतक,
लेखक संजीव ठाकुर ने अपनी रचना
पढ़ी-
"दुनिया से बच के तुझको निहार आया
हूं,
कर्ज इश्क का यूं ही उतार आया हूं,
खून से लबरेज है इश्क का दरिया
प्यार की कश्ती से बामुश्किल पार
आया हूं।"
डॉ कमल वर्मा ने कहा
प्रेम जज्बा है जिंदगी का
शब्दों में उतरना संभव नहीं
संयोजक मुकेश गुप्ता ने पढ़ा
प्रेम हमें हंसना सीखना है
प्रेम हमें जीना सिखाता है
प्रेम हमें रोना सीखना है
प्रेम हमें बिछड़ना सीखता है।

संजीव

## भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

**अबू धाबी में** स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी। लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भ्व्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं. दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए, जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें। अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं। इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया किंतु मुस्लिम समाज का बड़ा वर्ग कोपभवन में बैठा रहा। उसके प्रवक्ता भी अपनी खीझ व्यक्त करने से बाज नहीं आए। बाबरी ढांचे को दोबारा खड़ी करने जैसी डींगें भी हांकी गईं। पाकिस्तान ने भी राममंदिर के निर्माण को लेकर बकवास करते हुए भारत के मुसलमानों को भड़काने के उद्देश्य से बयान जारी किए। यहां तक कि संरासंघ तक में शिकायत की। लेकिन अबूधाबी के मुस्लिम शासकों द्वारा प्रदत्त 27 एकड़ के भूखंड पर बना यह मंदिर इस्लामिक कट्टरपंथियों के लिए जबरदस्त संदेश है। संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है।

## विचार

## सोनिया गाँधी ने क्यों दिया रायबरेली को भावनात्मक संदेश

प्रभुनाथ शुक्ल

"**मैं अप**ने बच्चों को भीख मांगते देख लूंगी, परंतु मैं राजनीति में कमद नहीं रखूंगी।" यह पीड़ा सोनिया गांधी की थी जो अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खोने के बाद कहा था। यह एक माँ और औरत की पीड़ा थी। क्योंकि राजीव गांधी को खोने के बाद सोनिया गांधी अकेली पड़ गयीं थीं। वह डरी और सहमी थीं क्योंकि पारिवारिक संघर्ष में वह अकेली थीं। उन्हें सबसे अधिक फिक्र दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका गांधी के सुरक्षा की थी। जिसकी वजह से वह राजनीति में नहीं आना चाहती थीं। क्योंकि राजनीति की वजह से उन्होंने पति और सास को खोया था। जिसकी वजह से उन्हें राजनीति से घृणा हो गई थी। गांधी परिवार के लिए दोनों घटनाएं बेहद दुःखद थी। लेकिन सोनिया गांधी का दृढ संकल्प उन्हें विषम परिस्थितियों में भी डिगने नहीं दिया। कांग्रेस को संभालने के लिए उन्हें अंतत राजनीति में आना पड़ा। लेकिन सोनिया गांधी लगता है अब सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया है। खराब स्वास्थ्य के चलते अब वह चुनाव नहीं लड़ेंगी और राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस की सेवा करेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता के नाम एक भावनात्म चिठ्ठी भी लिखी है। सोनिया गांधी के इस फैसले के बाद रायबरेली की सीट क्या कांग्रेस के लिए सुरक्षित रह पाएगी या अमेठी की तरह उस पर भी भजपा का कब्जा हो जाएगा। सोनिया गांधी के इस फैसले को लेकर सियासी उठापटक शुरू हो गई है। भाजपा ने सोनिया गांधी पर जहाँ तंज कसा है। वहीं कांग्रेस ने सोनिया गांधी के फैसले को पार्टी का अपना फैसला बताया है। कांग्रेस बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। इंदिरा गांधी के जाने के बाद राजीव गांधी ने पार्टी को संभाला। राजीव की अनुपस्थिति में सोनिया गांधी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। लेकिन राहुल गांधी खरे उतरते नहीं दिख रहे हैं। दक्षिणपंथी विचारधारा की पोषक भारतीय जनता पार्टी में मोदी युग की शुरूवात के बाद कांग्रेस का विश्वास जनता में सिकुड़ता गया है। कमजोर कांग्रेस को मजबूत आधार दिलाने वाला कोई राजनेता नहीं दिख रहा है। प्रियंका गांधी से पार्टी समर्थकों से काफी उम्मीद थी, लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के चुनाव में उन्हें जो करिश्मा करना था वह नहीं कर पाई। ऐसी ऐसी स्थिति में सक्रिय राजनीति से सोनिया गांधी का अलविदा कहना कांग्रेस को किस दिशा में लेकर जाएगा यह कहना मुश्किल है। कांग्रेस आज भले कमजोर हो गई है, लेकिन कांग्रेस से अधिक लोगों को गांधी परिवार पर सबसे अधिक भरोसा है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की रायबरेली परंपरागत सीट रही है। रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही लोगों के सामने गांधी और नेहरू परिवार की तस्वीर तैरने लगती है। लेकिन कमजोर होती कांग्रेस ने अपनी बहु चर्चित लोकसभा सीट अमेठी को गंवा दिया। राहुल गांधी को विषम राजनीतिक परिस्थितियों में नई सियासी जमीन तलाशने के लिए दक्षिण भारत से चुनाव लड़ना पड़ा। अब यह निश्चित हो गया है कि सोनिया गांधी राज्यसभा के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करेंगीं। फिर सवाल उठता है क्या रायबरेली सीट कांग्रेस से हाथ से फिसल जाएगी। जबकि सोनिया गांधी स्वयं वहां से सांसद हैं। कांग्रेस के जो राजनीतिक हालात हैं उस स्थिति में राहुल गांधी क्या अमेठी एवं रायबरेली लौटेंगे। गांधी परिवार के लिए सबसे सुरक्षित सीट रायबरेली का फिर क्या होगा। क्या गांधी परिवार से उपेक्षित होने के बाद यह सीट अमेठी की तरह भाजपा के हाथ में चली जाएगी या फिर गांधी परिवार की राजनीतिक पहचान उत्तर प्रदेश से खत्म हो जाएगी। फिर क्या पार्टी प्रियंका गांधी या राहुल गांधी को रायबरेली से चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि यह खबर भी आयी है की प्रियंका गांधी अमेठी और राहुल रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी क्या वायनाड को छोड़कर रायबरेली से अपना चुनावी भविष्य तय करेंगे। क्योंकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। जबकि दक्षिण भारत में भाजपा अभी कमजोर स्थिति में है। उसे हालत में राहुल गांधी अगर वायनाड को बाय-बाय कर रायबरेली से अपना भाग्य आजमाते हैं तो दक्षिण के लिए गलत संदेश जाएगा और दक्षिण में कांग्रेस कमजोर होगी। ऐसी विषम परिस्थितियों में राहुल गांधी क्या रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय ले पाएंगे।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

## ट्यूशनः लघु कुटीर उद्योग

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**ट्यूशन भार**त का अतिप्रिय लघु कुटीर उद्योग है। इस उद्योग का सर्वेसर्वा अध्यापक होता है। उसे स्कूल और ट्यूशन केंद्रों में बच्चों का बचपन खाने में बड़ा मजा आता है। पता नहीं क्यों लोग अध्यापक से इतना जलते हैं। जो खुद मानसिक आग में जलता हो उससे भला जलने से क्या लाभ। भारत जैसे शास्त्र प्रधान देश में ट्यूशन-शास्त्र पर अभी तक एक भी ग्रंथ नहीं है। शास्त्रों की बखिया उधेड़ने वालों के लिए यह डूब मरने की बात है। इस प्रक्रिया के कुछ सोपान निश्चित किए जा सकते हैं। विद्वत्ता से प्रभावित होकर ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों को उच्च श्रेणी में रखा जा सकता है इनका शास्त्रीय विवेचन करना व्यर्थ है। इनके अतिरिक्त ट्यूशन घेरने के लिए छात्रों पर फंदा डालना पड़ता है। इसके कई तरीके हैं- कक्षा में देर से आना, कक्षा में पहुँचकर माथा पकड़कर बैठ जाना। एकाध सवाल समझाकर सारे कठिन सवाल गृह-कार्य के रूप में देना। यदि छात्र कक्षा में कुछ पूछे तो - 'कक्षा के बाद पूछ लेना' कह देना। कक्षा के बाद पूछे तो 'घर आओ तब ही ढंग से बताया जा सकता है।' दूसरी विधि-छमाही परीक्षा में चार-पाँच को छोड़ बाकी छात्रों को फेल कर देना। फिर देखिए सुबह-शाम छात्रों की भीड़ गुरु-गृह में दृष्टिगोचर होने लगेगी।इस प्रकार जब दूकान चल निकलती है तो दो शिफ्ट सुबह में वास्तविक पढ़ाई शुरू हो जाती है। गुरु जी पढ़ाते समय विभिन्न दैनिक एवं पारिवारिक कार्यों को भी संपन्न करते रहते हैं - एक पंथ दो काज। विनाशक जी छुटके की रुलाई रोकने के लिए सिंहासन छोड़कर कई बार घर के अंदर जाते हैं। इसी बीच बाथरूम में जाकर नहाना, नहाने के बाद अगरबत्ती जला कर पूजा करना और बीच-बीच में दिशा निर्देश भी करते जाते हैं - महेश तुम गुणनखंड के आठ प्रश्न अभी हल करो।' श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ संतन की सेवा' और सोहन तुम वृत्त के सभी प्रश्न कर जाओ। इस प्रकार कार्यरत रहने से ये गुरु-शिष्य विद्यालय में देर से पहुँच कर गौरव प्राप्त करते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि छात्रों के हृदय से सेवा-भावना का लोप हो रहा है। इन गैर सरकारी 'कुटीर शिक्षा केंद्रों' का निरीक्षण करें तो उन्हें अपनी विचारधारा बदल देनी पड़ेगी। सुबह के समय एक छात्र डेरी से दूध ला रहा है।

## राजनीति की नुकीली फसल में फंसा किसान असल

सूर्यदीप कुशवाहा

**लोकतंत्र की** सड़क पर नुकीली फसल बोई गई। किधर जाए किसान विरोध जताने, विपक्ष तो पहले से ही परेशान है। माननीयों को आवाज सुनाई भी नहीं पड़ती है। वे ऊँची सुनते हैं। बस अपनी चुनावी खेत की जुताई में जुटे हैं।अब चुनावी सफर का सुहाना मौसम भी नजदीक आ गया है। भई लहलाहती वोट की फसल काटनी है तो उन्नत बीज बोने पड़ेंगे। खाद-पानी खूब डालना पड़ेगा। शब्दों की बकैती की उर्वरक डालनी पड़ेगी। माहौल बनाते है और विरोधियों की फसल काटते हैं। अगर मौसम अनुकूल रहा तो बढ़िया पैदावार होगी। हवा का रुख चुनाव के अनुकूल नहीं बहा तो जमीन पर लोट जाएगा। राजनीति की पैतराबाजी को समझना आम आदमी की बस में नहीं है। फसल का लिटमस पेपर टेस्ट ले लिया गया। उनके खिलाफ वोटर टस से मस नहीं होता है। सब खेला करके विपक्ष देख लिया है। वैसे राजनीति में भाग्य का सिक्का चलता है। मजहबी शौक क्या चीज है। आपको कुर्सी दिलाता है और आपको कुर्सी से गिरा भी देता है चाहे हवा आपके अनुकूल चले। वैसे रासायनिक दवा ईडी का छिड़काव भी बहुत कारगर है। कुर्सी पर फफूँद नहीं लगती। किसानों के विरोध को अवरोध लगाकर अवरुद्ध कर दिया जाता है। उनके विरोध को दिल्ली जाते देख विपक्ष प्रसन्नता से दिल खिल उठता है। वैसे सत्ताधीश जलभुन जाते हैं। उनसे विरोध सहन नहीं होती है कि इस विरोध से विपक्ष की बढ़िया फसल कट सकती है। वह धारदार कील सरेराह बो देते हैं। और निश्चिंत सोते हैं। विपक्ष जुगाड़ लगाने में जुट जाते हैं। जिससे कि सत्ताधारी की कुर्सी से उन्हें उतारी जाए। भूकंप सा माहौल कर जमीन पर उन्हें गिरा सके। कभी-कभी तो लहलहाती फसल काटने की जुगाड़ में दोनों जनता को भरमाते हैं। इवीएम में दोनों दावा करते हैं। लेकिन इवीएम महरानी विपक्ष को धोखा दे जाती हैं। गच्चा खाकर विपक्ष बैलट द्वारा वोट की फसल उगाना चाहती है। जो जीतता है वह दही खट्टी कैसे कह सकता है? हारने वाला ही रोता है। माननीयों को किसान की ना उम्मीदी में ही उम्मीदी दिखती है। राजनीति में बड़ा लोचा है, आम आदमी कहाँ सोचा है। सबसे ज्यादा अवसर यहीं हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नगरपालिका 2024-25 के वित्त वर्ष के लिए 22 करोड़ 73 लाख 67 हजार 900 रुपये के बजट पर लगी मोहर



**गन्नौर।** नगरपालिका में शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। बैठक में बिना किसी विरोध के बजट पास हो गया। हालांकि 17 में से 5 पार्षद बैठक में नहीं पहुंच पाए, लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष और 12 पार्षदों की उपस्थिती में कोरम पूरा होने से इस सदन की बजट बैठक सफल हुई। बजट बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने की। नगरपालिका बजट बैठक में चेयरमैन अरुण त्यागी के अलावा वार्ड 1 के पार्षद सचिन कुमार, वार्ड 2 के पार्षद कृष्ण टांक, वार्ड 3 की पार्षद खुशबू जैन, वार्ड 4 के पार्षद वरूण जैन, वार्ड 5 की पार्षद ममता देवी, वार्ड 7 के पार्षद अंकित त्यागी, वार्ड 8 के पार्षद विकास शर्मा, वार्ड 9 की पार्षद संगीता त्यागी, वार्ड 11 के पार्षद सतबीर शर्मा, वार्ड 12 की पार्षद सोनिया शर्मा, वार्ड 13 के पार्षद राजेश शर्मा, व वार्ड 16 के पार्षद शमशेर सैनी उपस्थित रहे। नगरपालिका 2024-25 के वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 22 करोड 73 लाख 67 हजार 900 रुपये के बजट पर अपनी सहमति जताई। बजट में इस वर्ष अनुमानित 21 करोड 60 लाख 16 हजार 900 रुपए आय का प्रावधान रखा है। जबकि नगरपालिका व शहर के विकास पर 20 करोड 02 लाख 57 हजार रुपये खर्च होने का प्रस्ताव रखा गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्ताव पास हुआ हो गया है। आय व व्यय का जो प्रारूप तैयार किया गया उससे शहर के विकास कार्यो में गति आएगी।

### किसानों ने तीन घंटे के लिए भिगान टोल करवाया फ्री



**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट के आह्वान पर किसानों ने भिगान टोल प्लाजा को बंद कराया और टोल प्लाजा का घेराव किया। टोल पर किसानो की सूचना पर पुलिस प्रशासन पहले से ही मौके पर मौजूद था, ताकि किसी प्रकार की कोई घटना न घटे। प्रशासन ने किसानो का समझाने का प्रयास किया। किसान टोल पर दोपहर 12 बजे एकत्रित हुए और जमकर नारे बाजी की और दोपहर 3 बजे तक बजे तक टोल प्लाजा को फ्री रखा। इस दौरान वाहन टोल से बिना टोल दिये गुजरते रहे। किसानों का कहना था कि प्रदेश व केंद्र सरकार से किसान लंबे समय से एमएसपी की गारंटी पर कानून बनाने, कर्ज माफी, स्वामीनाथन की सिफारिशों सहित कई जायज मांगे उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टोल फ्री करवा कर यूनियन ने सरकार को चेताया है। यदि किसानों की मांगे पूरी नहीं होती तो 18 फरवरी को कुरूक्षेत्र में फिर से महापंचायत करेगी। इस मौके पर विरेन्द्र पहल, राजेश, रोहतास बैनिवाल, विकास, दीपक, सतबीर छिक्कारा, सूरज त्यागी, रविंद्र आंतिल, राकेश, विजय पंजाबी, सतेंद्र पाल सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक भिगान टोल प्लाजा को फ्री रखा। भाकियू कार्यकताओं के पहुंचते ही टोल प्लाजा की कंपनी के कर्मचारी बूथ छोड़कर चले गए। इसके बाद यूनियन ने टोल प्लाजा पर अपने झंडे लगा दिए और वाहनों को निशुल्क निकलवाया। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार तीन घंटे तक टोल फ्री रहने की वजह से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# हजारों की संख्या में लोगों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का वर्चुअल सम्बोधन

## सरकार ने पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति को दिया योजनाओं का लाभः प्रमोद विज

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

स्थानीय सैक्टर-18 में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण हरियाणा को देश के 22वें एम्स के रूप में बहुत बड़ी सौगात दी है जोकि प्रदेशवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



उन्होंने कहा कि वर्षो से प्रदेशवासियों की यह बहुत भारी मांग प्रधानमंत्री ने पूरी की है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत बड़ा इजाफा होगा। यही नहीं रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है वह अंत्योदय की भावना से शुरू की गई हैं ताकि पंक्ति में अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचे। महिपाल ढांडा ने कहा कि केन्द्र सरकार की अटल पैंशन योजनाओं के तहत 678 करोड़ रुपए का लाभ कामगार व व्यापारियों को दिया गया है। यही नहीं 20 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों को स्वास्थ्य की गारण्टी प्रदान की गई है। देश के 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। जनधन के तहत 47 करोड़ खाते खोले गए हैं। जन औषधि के तहत दस हजार स्टोर खोले गए हैं। यही नहीं लोगों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जन मुद्रा लोन के तहत 23 लाख करोड़ रुपए के ऋण प्रदान किए गए हैं। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मण्डी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नए भारत के शिल्पकार के रूप में जाना जा रहा है। उन्होंने जिस तरह से वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया गया है उससे पूरे विश्व में भारत देश का बोलबाला हो गया है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में सुधार कर रही हैं।
प्रमोद विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत युवाओं में हुनर को पहचान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उनमें कौशल को बढ़ावा देने का कार्य किया गया है। युवा अपना रोजगार स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेवाड़ी में लगभग 9700 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का सौगात दी है जिससे प्रदेश में विकास के नए द्वार खुलेंगे।

# छात्रों के सुनहरे भविष्य को लेकर किया हवन- यज्ञ



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में बाहरवीं और दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए मां सरस्वती के आशीर्वाद के रूप में हवन कराया गया। जिसमें मां सरस्वती की आराधना के साथ गणेश की भी पूजा की गई। विद्यालय में आयोजित हवन के मंत्रों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। छात्रों ने एक साथ मंत्रों का उच्चारण किया। बाहरवीं और दसवीं के छात्रों ने पूर्ण रूप से हवन करते हुए अपने- अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संकल्प लिया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके लक्ष्य प्राप्ति की तरफ अग्रसर किया और उन्हें भविष्य में अच्छे परिणाम लाने की शुभकामनाएं दी।

**मां का आशीर्वाद**

**8 हवन कराया गया। जिसमें मां सरस्वती की आराधना के साथ गणेश की भी पूजा की गई**

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ

**सोनीपतः** जिला सोनीपत में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया गया। इस का शुभारंभ रामजश सिनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में सिविल सर्जन, डा. जयकिशोर, जिला नगराधीश पुजा कुमारी, डिप्टी सिविल सर्जन डा. स्वराज चोधरी ,मेडिकल ऑफिसर डा. महक , स्कूल प्रबधक रोशनी देवी , प्रधानाचार्य ललित कोशिक, मीनू द्वारा बच्चों को अपने हाथों से एल्बेण्डाजोल की गोली खिलाई गई। उन्होंने बताया कि 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चे तथा 20 से 24 वर्ष की प्रजनन महिलाओं को इस गोली का सेवन कराया जाएगा। डा. स्वराज चौधरी डिप्टी सिविल सर्जन ने बताया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में बताया कि सभी 1 से 19 साल के बच्चे और 20-24 आयु की महिलाएं चाहे वो विवाहित या अविवाहित सभी को इस गोली का सेवन करना है।

# जनता को परेशान कर रही है सरकार- सचिन कुंडू

## किसानों को बदनाम करने के लिए खुद सड़कें रोक रही है बीजेपी-जेजेपी सरकार- सचिन कुंडू

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**

किसानों को बदनाम करने के लिए सरकार जानबूझकर सड़कें जाम कर रही है। सड़कें और इंटरनेट बंद कर- के बीजेपी-जेजेपी साजिश के तहत जनता को परेशान कर रही है ताकि किसानों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार किया जा सके। ये कहना है हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सचिन कुंडू का। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पूरी तरह जायज है। बीजेपी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के तहत (सी-2 जमा 50 प्रतिशत मुनाफा) एमएसपी देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सत्ता में आने के बाद वो अपने वादे से पलट गई। आज किसान इसी वादे



को याद दिलाने के लिए आंदोलनरत हैं। लेकिन उनको रोकने के लिए सरकार पूरी तरह असंवैधानिक और गैर-कानूनी तरीके अपना रही है। बाकायदा हाई कोर्ट ने भी इसके लिए सरकार को फटकार लगाई है। क्योंकि बीजेपी-जेजेपी सरकार को इस तरह सड़कें रोकने, उनपर कीलें बिछाने, पत्थर डलवाने और कंक्रीट की दीवार खड़ी करने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार बताएं कि किस कानून के तहत उसने सड़कों और इंटरनेट को बंद किया है? सचिन कुंडू ने बताया कि कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश का पूरी तरह समर्थन करती है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सी2 फामूर्ले पर एमएसपी देने का ऐलान किया है। जब यूपीए सरकार के दौरान यह रिपोर्ट आई थी तो स्वामीनाथन की 201 सिफारिशों में से 175 को कांग्रेस ने लागू करने का काम किया था। इन सिफारिशों के तहत यूपीए सरकार ने किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के लोन माफ किए थे। हरियाणा में लगभग 2200 करोड रुपए के कर्ज माफ हुए थे और 1600 करोड़ रुपए के बिजली बिल माफ किए गए थे। पूरे देश में फसली लोन पर ब्याज दर को 11% से घटकर 4 प्रतिशत कर दिया गया था और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने फसली लोन को जीरो कर दिया था। इतना ही नहीं स्वामीनाथन की सिफारिश के मुताबिक ही खेती को पूरी तरह टैक्स मुक्त रखा गया था। कांग्रेस ने कभी भी खाद, बीज, दवाई, ट्रैक्टर, सिंचाई समेत खेती के तमाम उपकरणों पर टैक्स नहीं लगाया। इतना ही नहीं अलग-अलग योजनाओं के तहत खेती संसाधनों पर 100% तक की छूट दी जाती थी।

### 'हिल्टन. फॉर द स्टे' कैंपेन के लिए दीपिका पादुकोण के साथ ग्लोबल पार्टनरशिप की घोषणा

नई दिल्ली। हिल्टन ने आज भारत की मशहूर अदाकारा, प्रोड्यूसर, समाज-सेवी और उद्यमी, दीपिका पादुकोण के साथ ग्लोबल एंबेसडर पार्टनरशिप की घोषणा की है। हिल्टन के पहले ग्लोबल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म 'हिल्टन. फॉर द स्टे' के तहत यह साझेदारी की गई है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में ट्रैवल की लगातार बढ़ती मांग के बीच आपके स्टे की अहमियत को उजागर करना है। हिल्टन के लिए यह पार्टनरशिप एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे पता चलता है कि कंपनी लगातार विकसित हो रहे भारतीय बाजार में अपने दायरे को बढ़ाने के इरादे पर अटल है। दीपिका एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों में भी अपने प्रेरणादायक सफर के लिए जानी जाती हैं और वह आधुनिक भारत की भावना का प्रतीक हैं, जिनमें भारतीय पर्यटकों की उम्मीदों और स्वभाव की झलक दिखाई देती है। मेहमानों को बेमिसाल अनुभव प्रदान करने के हिल्टन के मिशन, और दीपिका की कठिन परिस्थितियों से उबरने की क्षमता, इनोवेशन और उनके ग्लोबल आउटलुक में शानदार तालमेल नजर आता है, और इसी वजह से वह हिल्टन के ग्लोबल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म की चैंपियन के तौर पर पहली पसंद बन गई हैं। अपने काम में ईमानदारी और हमेशा बेहतर कर दिखाने के जज्बे की वजह से ही दीपिका से दर्शकों के दिल में जगह बनाई हैझ और ये खूबियाँ हिल्टन की सर्विस फिलॉसफी का सबसे अहम हिस्सा हैं।

# केंद्र सरकार के 9 वर्ष से ज्यादा का कार्यकाल उपलब्धियों से भराः ज्योति

**समालखा/कुलदीप सिंह**

विकसित भारत विकसित हरियाणा को लेकर समालखा अनाज मंडी में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नागरिकों को संबोधित करते हुए जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 9 वर्ष से ज्यादा का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से देश बड़ी ताकत के रूप में पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश आर्थिक ताकत के रूप में उभरा है। पूरी दुनिया प्रधानपमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मान रही है। देश वर्तमान में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री द्वारा रेवाड़ी से प्रदेश को दी गई विभिन्न सौगातें प्रदेश के लिए बहुत बड़ी सौगात है। देश को 22वां एम्स मिल रहा है, जिससे स्वास्थ्य की सेवाओं में विस्तार होगा।



जिला परिषद चेयरपर्सन ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश हित में प्रयास सार्थक साबित हुए हैं। उन्होंने पैंशन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरीत किए व विकसित भारत के संदर्भ में उपस्थित जन समूह को शपथ भी दिलाई। सभा स्थल पर एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश लोगों को सुनाया गया। लोगों ने उमंग व उत्साह से वर्चऊल संदेश सुना व तालियां बजा कर स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने राम-राम के साथ अपना संबोधन शुरू किया तो सभा में उपस्थित लोगों ने राम-राम कह कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संबोधन का भी मौजूद लोगों ने तालियां बजा कर अभिवादन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने राज्य व केद्रं सरकार की योजनाओ की विस्तार से जानकारी दी स्टाल पर पहुंची समस्याओं का सुना।

कार्यक्रम में जिला परिषद चेयपर्सन ने कहा कि देश के लोगों को आयुष्मान भारत योजना , प्रधानमंत्री उज्जवला योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना का बड़ी मात्रा में लाभ मिल रहा है। देश में जन धन योजना के तहत खोले गए है जो बड़ी उपलब्धी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 20 मार्च को चुलकाना मेले में भाग लेने आ रहे हैं। चुलकाना धाम के चारों तरफ के रास्तों को पक्का किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयपर्सन ने कहा कि 315 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए।

# नई दिल्ली के इस क्रू के हैरतअंगेज स्किप-रोप स्टंट देखें केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

अगर आपको लगता है कि रस्सी कूदना बच्चों का खेल है, तो ये 'स्किपर्स' आपके होश उड़ा देंगे। पेश है युवा और उत्साही स्किपिंग एथलीटों का ऊर्जावान समूह स्किपर क्रू, जो अपने आकर्षक प्रदर्शन के साथ रस्सी कूदने की कला को फिर से परिभाषित कर रहा है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपने खेल के कौशल को निखारने के उनके प्रयास को देखिए 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' के दूसरे एपिसोड में जिसका प्रीमियर होगा इस सोमवार, 19 फरवरी को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर मंगलवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है।
अपने रोमांचक रोप फायर एक्ट, जटिल पिरामिड संरचनाओं, साहसी ब्लाइंडफोल्ड स्किपिंग और दिलकश हुला हूप स्टंट के लिए जाना जाने वाला स्किपर क्रू स्किपिंग एथलेटिक्स के क्षेत्र में अपनी सबसे अलग पहचान बना रहा है। 2016 में आज़िम द्वारा दिल्ली में गठित स्किपर क्रू में आज 17 सदस्य हो गए हैं, जो सभी रस्सी कूदने के शौकीन हैं।

इस दल ने कलाबाजी का एक रोमांचक प्रदर्शन बनाने के लिए 100 से ज्यादा स्किपिंग तरीकों को संशोधित किया है। इस सोमवार रात 8 बजे 'ओएमजी! ये मेरा इंडिया' पर देखिए कि कैसे स्किपर क्रू रोप फायर एक्ट के दौरान स्टंट करने वाला दुनिया का एकमात्र स्किपिंग ग्रुप बन गया है!

### सुपरवाइजर संघ ने मांगों का ज्ञापन जिला स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा

**सोनीपतः** लंबित मांगों को लेकर बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के पदाधिकारियों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जय किशोर को ज्ञापन सौंपा। महासचिव सतपाल खासा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यालय नार्म के नाम पर समाप्त पदों को बहाल करने के साथ इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के स्थानान्तरण पर रोक तथा आबादी के अनुसार नए पद स्वीकृत किए जाएं। राजस्थान की तरह एमपीएचडब्ल्यू को पदोन्नति के ज्यादा अवसर प्रदान करते हुए उन्हें जिले में ही पदोन्नति दी जाए। कर्मचारियों का ड्रेस कोड, स्वीकृत पदों पर नियमित भर्ती की जाए।

# फैसला कहानी पर समूह वैचारिक मंथन किया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत, क्लास गतिविधि के अंतर्गत बी. ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा डॉ. शर्मिला यादव के संयोजन ने मैत्रेयी पुष्पा की कहानियां में चित्रित नारी विषय पर 15 छात्र छात्राओं द्वारा फैसला कहानी पर समूह वैचारिक मंथन किया गया` डॉ. शर्मिला यादव ने बताया कि यह कहानी स्त्री की व्यक्तित्व हीनता और अधिकार हीनता की दमघोटू कैद से मुक्त होने की छटपटाहट, स्त्री-अस्मिता आंदोलन की बात ही नहीं कही, अपितु उससे भी एक कदम आगे बढ़कर स्त्री की नई छवि गढ़ती दिखाई देती है` वह पुरुष की दुनिया में प्रविष्ट होकर राजनीतिक ताकत को अपना हथियार बनाकर उद्धार की ओर संकेत की बात करते हैं वह जानती है कि कांटे से कांटा निकाला जा सकता



है` इसलिए वह दो पुरुषों को आमने-सामने खड़ा कर और अपने वोट की ताकत से पुरुष शक्ति और वर्चस्ववादी मनसूबों को धराशायी करना चाहती है, ताकि संसद, विधानसभा, ग्राम सभा और परिवार में स्त्री को उसका अधिकार दिला सके` इस प्रकार ह्यफैसलाह्व कहानी एक सशक्त रचना है जो स्त्री-विमर्श को नई पहचान दिलाने की दिशा में ठोस कदम है` युवा वर्ग शिक्षित है इसलिए उसको जागरूक होकर उत्साह से साथ-साथ अपने मत का प्रयोग करना चाहिए` आज समाज स्त्री-पुरुष में समान शिक्षा पर कायम है तो प्रत्येक नागरिक को मत का प्रयोग बौद्धिक स्तर पर तय करना होगा`
कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आज समाज सशक्तिकरण की ओर अग्रसर हो चुका है` समकालीन परिवेश शोषण के प्रति विद्रोह, वृद्धो , अशिक्षित, विधवा नारियों का चित्रण एवं संघर्षशील स्त्री के जीवन के विभिन्न पहलुओं की भीषणता को अनावरण करता है` फैसला कहानी वर्तमान में भी उतनी ही प्रासंगिक है क्योंकि आपका एक वोट भी हार जीत का कारण बन सकता है` इसलिए मत का प्रयोग विवेक से सोच- समझकर करना चाहिए इस विचार गोष्ठी में प्रथम स्थान प्रिया, द्वितीय स्थान, निशु एवं तृतीय स्थान पर तनिषा ने प्राप्त किया

# मडलौडा की अनाज मंडी में आयोजित हुआ विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम

## हजारों की संख्या में पुरूष और महिलाओं ने सुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल सम्बोधन

**पानीपत कमाल हुसैन राज्यसभा सांसद** कृष्णलाल पंवार ने शुक्रवार को मडलौडा की अनाज मण्डी में आयोजित विकसित भारत-विकसित हरियाणा कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा करवाए गए कार्य इतिहास की विकास गाथा लिख रहे हैं। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखा है उसकी ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।
पंवार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने जनकल्याण के लिए



अनेक योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ लोग ले रहे हैं। उज्जवला योजना के तहत 9.5 करोड़ क्नैक्शन महलाओं को निःशुल्क वितरित किए गए हैं। 20 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसान, मजदूरों के उत्थान को लेकर योजना बनाई है। महिला, युवा और गरीब लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा किदए जा रहे हैं। औद्योगिक विकास को गति प्रदान की जा रही है।
सांसद कृष्णलाल पंवार ने कहा कि प्रदेश में पर्ची व खर्ची का जमाना चला गया। आज पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान की जा रही है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आमजन का जीवन स्तर सुधरा है। कार्यक्रम में रेवाड़ी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एम्स के शिलान्यास व अन्य परियोजनाओं की सौगात के साथ-साथ उनके वर्चुअल सम्बोधन को भी हजारों पुरूषों और महिलाओं ने सुना।

**विकसित**

**8 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देखा है**

कार्यक्रम में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस क्नैक्शन और समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाई गई नई पैंशन के लाभार्थियों को पैंशन के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया और स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की। इस मौके पर एमडी शुगर मिल जगदीप ढांडा, अनिल पंवार इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# वायु प्रदूषण का मुकाबला करने वाली क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी पेश की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ओके** प्ले इंडिया लिमिटेड और वैश्विक फिल्ट्रेशन सॉल्यूशंस कंपनी मैन+हमल ने इंडो-जर्मन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से राष्ट्रीय राजधानी में एक विचार-गोष्ठी जो वायु प्रदूषण के कारणों, प्रभावों और समाधानों के बारे में जागरुकता बढ़ाने पर केन्द्रित थी। इस गोष्ठी में अनेक वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, सरकारी पदाधिकारियों, एनजीओ, उद्योग जगत व शैक्षणिक क्षेत्र के लोगों हिस्सा लिया और उन्होंने उन समाधानों पर विचार-विमर्श किया जो वायु प्रदूषण के अनवरत मुद्दे के निवारण में मदद कर सकें। इस गोष्ठी का शीर्षक था वायु प्रदूषण- इसके कारण, प्रभाव, रोकथाम एवं उपचार। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रतिनिधियों द्वारा की गई जिनमें शामिल थे- भारत के सर्वोच्च




न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के पूर्व चेयरमैन माननीय जस्टिस स्वतंत्र कुमार, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर और जर्मन दूतावास से डॉ हेंड्रिक सेले, मंत्री, आर्थिक और वैश्विक मामले विभाग के प्रमुख। ओके प्ले इंडिया और मैन+हमल ने इस गोष्ठी में तीन क्रांतिकारी उत्पाद पेश किए जिनका लक्ष्य वायु प्रदूषण का मुकाबला करना है। इनमें शामिल हैं, आवर एयर मोबाइल एयर प्यूरिफायर,प्योर एयर और फिल्टर क्यूब।मैन+हमल इंडिया के प्रबंध निदेशक तथा शेष एशिया के उपाध्यक्ष सुदीश करीमबिंगल ने कहा, ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के साथ हमारी साझेदारी की घोषणा करते हुए मैं बहुत रोमांचित हूं। अब हम बाजार की खास जरूरतों के मुताबिक टेक्नोलॉजी को प्रस्तुत करने व उनके अपनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी ला पाएंगे। और साथ ही प्रधानमंत्री के विजन डिजाइन एंड मेक इन इंडिया के मुताबिक काम करेंगे। ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री राजन हांडा ने कहा, वायु प्रदूषण का मुद्दा महज एक सिम्पोजियम या नई टेक्नोलॉजी की पेशकश का नहीं है; यह बदलाव की मशाल जलाने की बात है जो हर ओर रोशनी फैलाएगी, हर एक हिन्दुस्तानी की जिंदगी का स्पर्श करेगी।

# कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया

## कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना के साथ-साथ नारेबाजी की



**समालखा (कुलदीप सिह )** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं कर्मचारी फैडरेशनओ के आह्वान पर एचपीसी वर्कर यूनियन के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया वह प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की वह नारेबाजी की आज सुबह सभी बिजली के . कर्मचारी अभियंता कार्यालय समालखा में इकट्ठे हुए और कार्यालय पर प्रदर्शन किया प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान कपिल रावल ने की और संचालन यूनिट सचिव जोगिंदर ने किया न . १। कर रहे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य के उप प्रधान सुरेश कुमार सर्कल सचिव मदन रावल वरिष्ठ उप प्रधान यूनिट सोमपाल : ने बताया की पी एफ व आर डी ए कानून को रद्द करने पुरानी पेंशन बाहर करने आप एस लागू करने वाले राज्यों को जमा की गई राशि वापस करने राजस्थान में छत्तीसगढ़ में एनपीएस को वापस लागू करने के प्रयास बंद करने कर्मचारी पेंशन स्कीम 95 के तहत आने वाले कर्मचारी को परिभाषित लाभ .लाभ पेंशन स्कीम में वापस लाने ठेका आउटसोर्स दैनिक वेतन भोगी नियुक्तियां बंद करने सभी ठेका संविदा कर्मचारियों को नियमित करने राज्य सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपकरणों में सभी व्यक्तियों को तत्काल भरने राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति को रद्द करने संविधान के अनुच्छेद 310, 311 (2 )ए बी सी को रद्द करने हर 5 . . साल में एक बार आवधिक वेतन संशोधन लागू करने 18 महीना के लिए जगत किए गए डी ए डी भार बकाया सहित सभी लंबित डीए डी आर जारी करने और महंगाई पर रोक लगाने बिजली बिल 2020 को वापस लेने तथा किसने की जायज मांगों जैसे राम एस पी पर कानून बनाना और जो झूठे मुकदमे उन पर किए गए हैं उनको वापस लेना आदि मांगों को लेकर के पूरे देश का कर्मचारी मजदूर किसान आज करोड़ों की संख्या में इस राष्ट्र व्यापी हड़ताल में शामिल है समय रहते राज्य व केंद्र सरकार इन किसान मजदूर कर्मचारी विरोधी नीतियों को वापस ले और उपरोक्त मांगों का समाधान करें अन्यथा आने वाले लोकसभा वी विधानसभा चुनाव में सरकार को इनका विरोध झेलना पड़ेगा 6 और 7 अप्रैल को वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार का राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन हिसार में होने जा रहा है राज्य सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी प्रदर्शन को यूनिट ऊप प्रधान राजेश कुमार वित्त सचिव अमित रावल प्रवीण छोक्कर नीरज राठी बलराज त्यागी रोबिन नरेंद्र रावल आदि कर्मचारी नेताओं संबोधित किया

**विरोध**

**8 महंगाई पर रोक लगाने बिजली बिल 2020 को वापस लेने तथा किसानों की मांगों को लेकर बैठक की**

# 'जनता की समस्या का समाधान करना व हल करवाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/ बाबैन ( दलबीर मलिक)**
गांव बीड़ कालवा के ग्रामीणों ने समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग से मुलाकात की व आगामी चुनावों में उनका साथ देने का वायदा किया।ग्रामीण प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, हर्ष, निर्मल कुमार आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जितने भी कार्य करवाए जा रहे हैं उनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। आज तक लाडवा हल्के में तीन विधायक रह चुके हैं, परंतु किसी ने भी कोई कार्य नहीं किया, केवल वोट लेने तक का काम किया और वोट लेने के बाद दिखे तक नहीं, यह सरासर गलत है। विधायक का काम जनता की समस्याएं दूर करना होता है न कि केवल वोट लेना। इसलिए इस बार अच्छे व्यक्ति को विधानसभा भेजने का काम करेंगेऔर जिस प्रकार से बिना कुछ बने संदीप गर्ग हल्के की जनता का साथ दे रहे हैं, पूरा गांव उनके साथ हैं।

वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के के ग्रामीण व सभी मेरे अपने हैं और उनकी हर समस्या का समाधान करना व हल करवाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यदि लाडवा हल्के की जनता ने 2024 के विधानसभा चुनावों में साथ दिया और विजयी बनाया तो इतने विकास कार्य करवाए जाएंगे कि हल्के की जनता सोच भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि वह दिन-रात हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं। आगे भी सेवा निरंतर जारी रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

### इग्नू के पाठ्यक्रमों में दाखिलों की अंतिम तिथि 29 तक बढ़ाई: डॉ धर्म पाल

**पानीपत/कमाल हुसैन**
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की भारतीय एवं वैश्विक स्तर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है पत्रकारिता एवं जनसंचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। नई-नई तकनीकों के कारण पत्रकारिता के नये-नये प्लेटफॉर्म बन गए हैं इसलिए वर्तमान परिपेक्ष के अनुरूप पत्रकारिता एवं जनसंचार को समझने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में रोजगार मूलक शिक्षा के क्षेत्र में पत्रकारिता एवं जनसंचार का भी काफी महत्वपूर्ण स्थान है। पत्रकारिता, जनसंचार एवं डिजिटल मीडिया से डिग्री लेने के बाद सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते है और इतना ही नहीं अपना कोई मीडिया प्लेटफार्म भी शुरू किया जा सकता है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत:** सोनीपत-जींद रेलवे लाइन पर सुंदरी-सांवरी व ईदगाह कॉलोनी के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। ईदगाह कॉलोनी हाल में मयूर विहार निवासी शहजाद (23) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह सोनीपत-जींद रेलवे लाइन पर ईदगाह कॉलोनी के पास ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन चालक ने मामले को लेकर स्टेशन मास्टर को अवगत करवाया। उसके बाद जीआरपी को सूचना दी। जांच अधिकारी एचसी विकास ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने भादंसं की धारा-174 के परिजनों के बयान दर्ज कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

### बी आर ग्लोबल स्कूल के अंशुल ने जेई मेन्स में बाजी मारकर किया नाम रोशन



**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने हर क्षेत्र में हमेशा कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय के मेधावी छात्र अंशुल ने जेईई मेन्स 2024 में 93.4 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की ओर से अंशुल को अपनी विशेष उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, प्रधानाचार्या पूजा पहल व अन्य शिक्षकों ने मेधावी छात्र को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### एम डी स्कूल सरढ़ाणा के छात्रों ने ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में मारी बाजी




**गन्नौर।** मध्य प्रदेश में चल रही 12वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में एम.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरढाणा के दो विद्यार्थी ( रौनक और कुनाल )ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में रौनक और कुनाल ने 10 जूनियर 500 मीटर में गोल्ड मेडल हासिल किया और कुनाल ने एकल डी 10 जूनियर 200 मीटर में भी गोल्ड मेडल हासिल किया। विद्यालय में प्राचार्य जोगिंदर सिंह मलिक व उप प्राचार्य अंजू मलिक व अन्य अध्यापकों ने फूल-माला से भव्य स्वागत किया। प्राचार्य जोगिंदर सिंह मलिक ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल के छात्र ऐसे ही प्रतियोगिताएं जीत कर आए हैं। प्राचार्य जोगिंदर सिंह मलिक ने अपने भाषण के माध्यम से विश्वास दिलाया कि ऐसे ही आने वाले भविष्य में बच्चों का सर्वांगीण विकास में सहयोग करेंगे।

# उपद्रवी लगातार कर रहे पुलिस पर पत्थरबाजी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपद्रवी पुलिस पर बार-बार कर रहे पत्थरबाजी हरियाणा पुलिस के 18 व पैरामिलट्री फॉस के 7 जवानो सहित कुल 25 जवान हुए घायल। हालात पर पुलिस के उच्च अधिकारी रखे हुए है निगरानी। उपद्रवियो की पहचान करने में आमजन करें सहयोग। किसानो के पंजाब से दिल्ली कूच को लेकर अम्बाला पुलिस प्रशासन द्वारा कडे प्रबन्ध किये गये है। आन्दोलनकारियो को रोकने के लिए 13 फरवरी से ही आईजी अम्बाला रेंज सिबास कविराज, उपायुक्त अम्बाला डा० शालिन व पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिहँ रंधावा शम्भू बॉडर पर रह कर आन्दोलनकारियों की हर गतिविधी पर पैनी नजर रखे हुए हैं। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था ना बिगडे इसके लिए समय-समय पर पुलिस को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये जा रहें है। आन्दोलनकारियो/उपद्रवियों को भी कानून व्यवस्था हाथ मे ना लेने के लिए बार-बार अनाउसमैन्ट के माध्यम से सूचना दी जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा आन्दोलनकारियो के उग्र रूप को देखते हुए जरूरी कदम उठाये जा रहे है। 13 फरवरी 2024 से ही ड्रोन इत्यादि के माध्यम से आन्दोलनकारियो / उपद्रवियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस द्वारा आन्दोलनकारियो को समय-समय पर मौके से हटाने का कार्य भी किया जा रहा है। आन्दोलनकरियो द्वारा पुलिस के जवानो पर बार-बार पथराव किया जा रहा है। जिसमे अब तक कुल 25 जवान घायल हुए है जिसमे 18 जवान हरियाणा पुलिस व 7 जवान पैरामिलट्री फॉस के शामिल है। जिनका ईलाज सिविल हस्पताल अम्बाला शहर से चल रहा है। किसी भी सुरत में कानून व्यवस्था ना बिगडने पाये इसलिए पुलिस अधिकारियों द्वारा आन्दोलनकारियों की हर गतिविधि पर नजर रख जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की जा रही है कि शान्ति व्यवस्था बनाये रखें और उपद्रवियों की पहचान करने में प्रशासन का सहयोग करें और कोई भी कानून को अपने हाथ में ना लें।

# किसानों के समर्थन में टोल करवाया फ्री



**पानीपत, कमाल हुसैन**
आम आदमी पार्टी ने पानीपत टोल पर जाकर किया किसानों के समर्थन में टोल फ्री, जैसा कि हम सारे जानते हैं की किसान आंदोलन चरम सीमा पर पहुंच चुका है और किसानों की २स्त्र की मांग को लेकर किसानों ने आज पूरे हरियाणा में दोपहर 12:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक टोल फ्री का आह्वान किया था इसी के समर्थन में आम आदमी पार्टी पानीपत के सभी सदस्यों में इस प्रोग्राम में भाग लिया और इस मुद्दे पर प्रशासन के साथ में आम आदमी पार्टी के नेताओं की झड़प हुई। आम आदमी पार्टी के नेता अजय शर्मा को इस मौके पर पुलिस के भरी विरोध का सामना करना पड़ा परंतु उन्होंने हिम्मत नहीं हारते हुए पुलिस को उचित जवाब दिया और टोल को फ्री रखा। आम आदमी पार्टी ने पहले भी किसान आंदोलन को भरपूर समर्थन दिया था और अब भी समर्थन देते हैं आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और पंजाब सरकार किसानों के साथ हैं।

# अवैध शराब सहित अलग-अलग स्थान से 2 आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत जिला पुलिस की टीमों ने वीरवार को अलग अलग स्थान पर दबिश देकर अवैध शराब सहित 2 युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 33 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब ने बताया कि थाना सनौली पुलिस की टीम वीरवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान नन्हेडा अडडे पर मौजूद थे। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की नन्हेडा से जलालपुर रोड पर दुकान के बाहर एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को काबू कर कब्जे से 21 बोतल व 12 अध्धे अवैध देसी शराब बरामद की। पकड़े गए आरोपी की पहचान अनुप उर्फ बिल्ला निवासी नन्हेडा के रूप में हुई। इसी प्रकार थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने जाटल रोड पुल के नीचे शास्त्री कॉलोनी में अवैध रूप से शराब बेच रहे आरोपी राकेश निवासी परसपुर गोंडा यूपी हाल माडल टाउन को 6 बोतल अवैध देसी शराब सहित गिरफ्तार किया।

# खादी संस्थान में पहुंचकर विद्यार्थी हुए जागरूक



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** स्कूली बच्चों में स्किल तथा वोकेशनल एजुकेशन की जानकारी के लिए उन्होंने व्यावसायिक केंद्रों तथा उत्पादन इकाइयों का अवलोकन करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में लगातार विभिन्न विद्यालयों के बच्चे खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ भी पहुंचे रहे हैं। शुक्रवार को भी राजकीय सीनियर सकेंडरी स्कूल ज्योतिसर से बच्चे खादी ग्रामोद्योग संघ मिजार्पुर नरड़ में पहुंचे। इन बच्चों का खादी संस्थान के सचिव एवं संचालक सतपाल सैनी ने स्वागत किया। सतपाल सैनी तथा उनके स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को पूरे संस्थान का अवलोकन करवाने के साथ उत्पादन की प्रक्रिया की तथा बारीकियों को समझाया। यह विद्यार्थियों का दल अध्यापिका लीला, ममता तथा अन्य अध्यापिकाओं के साथ आया था। अध्यापिका लीला एवं ममता ने कहा कि यहां बच्चों के साथ खादी उत्पादन की प्रक्रिया देखकर बहुत अच्छा लगा है। खादी को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे। बच्चों को खादी की मशीनरी एवं उत्पादन की पूरी जानकारी मिली है।

शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को खादी के बारे में जानने की काफी उत्सुकता थी। खादी संस्थान में कितने बेहतरीन एवं सुंदर कपड़ों का निर्माण हो रहा है।

# रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने नुकीली कांच की बोतल दिखाकर रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तुषार निवासी जाखौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्योरिटी सर्विस सुपरवाइजर सन्नी ने गत 14 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने औद्योगिक क्षेत्र में सिक्योरटी सर्विस खोल रखी है। गांव जाखौली निवासी तुषार ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी सिक्योरिटी के गाड़ी चालक नरेंद्र से नुकीली कांच की बोतल दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए रुपये छीन लिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे......

## श्री श्याम बाला जी सेवा संघ, कुरुक्षेत्र द्वारा श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्री श्याम बाला जी सेवा संघ,कुरुक्षेत्र द्वारा अमीन रोड़ स्थित आर.डी.कॉलोनी में श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। श्याम सेवक दिनेश गोयल ने बताया कि आयोजक समस्त आर.डी.कॉलोनीवासियों ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल ने श्याम जी के भजनों के साथ-साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए। दुनिया में देव हजारों हैं, श्याम प्रभु का क्या कहना......, श्याम इस दिल में तेरा ही ठिकाना है, अब तुझे छोडकर. कहीं और नहीं जाना है......, काली कमली वाला मेरा यार है..... और झुक गई बड़ी-बड़ी सरकार तेरी मोरझड़ी के आगे.... पर श्रद्धालु मस्ती में झूम उठे। खाटू श्याम के बारे में विख्यात है कि आज भी वे माता को दिए वचन के अनुसार इस संसार में हारने वाले इंसान का साथ देते है। इनके दरबार में जो हार कर जाता है, जीत कर वापिस आता है। दिनेश गोयल ने बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य श्री श्याम प्रभु एवं बाला जी प्रचार प्रसार करना है। संघ द्वारा दो दिवसीय खाटू श्याम दर्शन यात्रा,मासिक कीर्तन एवं ताली कीर्तन का आयोजन किया जाता है। श्याम आरती में दीपक चंद, श्याम जुनेजा, मुखी लाल,जितेंद्र मिगलानी, विनोद कुमार, प्रवीण, हन्नी, रीटा गोयल, पूजा, डिम्पल, सोनिया, वीणा, विमला, शशि, प्रिया,रचना और सुनीता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रही।

**श्याम रंग में**

**8 कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल ने श्याम जी के भजनों के साथ-साथ हनुमान जी के भी भजन सुनाए**

# शिक्षक के घर से हजारों की रुपये की राशि व जेवरात चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-14 स्थित मकान से हजारों रुपये की राशि व जेवरात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। सेक्टर-14 निवासी वरूण कुकडेजा ने बताया कि वह शहर के निजी स्कूल में शिक्षक के पद पर तैनात है। गत 12 फरवरी को अपने परिवार सहित डबवाली हरियाणा में शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया हुआ था। मकान पर ताला लगाकर शादी में चले गए। अगले दिन किराएदार का फोन आया कि उनके मकान के ताले टूटे है। सूचना के बाद वह डबवाली से घर पर पहुंचे। जहां सामान की जांच की तो घर से सोने का हार, सोने की चैन, सोने की डियाइन, चुडियां व कानों के झुमके, हीरे के झुमके, सोने की अंगूठी, कानों के झुमके, झुमकी, एक सोने की टूटी हुई चुड़ी, सोने के टूटे हुए झुमके, व 30 हजार रुपये की राशि गायब मिली।

**जांच जारी**

**8 पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके**

# नेहरु युवा केन्द्र संगठन ने करवाया राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
नेहरु युवा केन्द्र संगठन हरियाणा ( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ) द्वारा दयानंद महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र की राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से मेरा भारत-विकसित भारतएट2047 विषय पर राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र के विधायक सुभाष सुधा मुख्य अतिथि के रूप में तथा नेहरू युवा केन्द्र संगठन हरियाणा के राज्य निदेशक कृष्ण लाल पारचा व रेनु, जिला अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र संगठन कुरूक्षेत्र, कांता देवी लेखा एवं कार्यक्रम सुपरवाइजर नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र, कार्यक्रम अध्यक्षा महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. उपासना आहूजा, कार्यक्रम की सह-समन्वयक डा. सुमन राजन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. आरती अग्रवाल एवं डा. रितु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन की पुनीत प्रक्रिया से किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुभाष सुधा ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा नेहरू युवा संगठन हरियाणा से सम्बंधित युवाओं को इस प्रकार की प्रतिस्पधाओं में भाग लेने व प्रोत्साहित करने हेतु मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने छात्राओं को 2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रृंखला में अग्रगण्य बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत श्री सुभाष सुधा जी ने अपने करकमलों से विजेताओं को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भारत माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में देश प्रगति कर रहा है जिसकी बागडोर पूर्ण रूप से युवा वर्ग के हाथों में है। प्रतियोगिता में भाग ले रहे राज्य हरियाणा के सभी जिलों से जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों ने विकसित भारतएट2047 विषय को दृष्टिपथ में रखते हुए उसकी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, औद्योगिक, सुरक्षा नीतियों आदि के परिप्रेक्ष्य में विविध प्रकार के विचार प्रस्तुत किए। प्रगति का यान, मेरा भारत महान, स्वर्ण विहग भारत, वेद-विज्ञान का अथाह भंडार-विश्वगुरू भारत, ज्ञान की आभा में रत-भारत, जैसे सशक्त एवं आदर्श विचारों से सभी प्रतिभागियों ने अपने वक्तृत्व कला से उपस्थित श्रोताओं को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप हिसार जिले की अन्नु शर्मा ने एक लाख रुपए की राशि का प्रथम पुरस्कार, रोहतक जिले की भूमिका ने पचास हजार का द्वितीय पुरस्कार तथा भिवानी जिले के हिमांशु एवं चरखी दादरी की सपना ने 25-25 हजार रुपए की राशि तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्राप्त की।

# सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन पड़ सकता है भारी: एस एस भोरिया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**सोशल** साइट्स फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर पर रुतबा दिखाने के लिए हथियारों के साथ फोटो टैग करना भारी पड सकता है। पुलिस हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करेगी और इसके साथ ही उसके शस्त्र लाइसेंस को रद्द करवाने की कार्रवाई भी शुरू होगी।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने जारी अपने आदेश मे जिला पुलिस को ऐसे लोगों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया है,जो सोशल साइट्स पर हथियारों का प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने आमजन से अपील की है कि अगर आपको कोई हथियारों के साथ फेसबुक पर अपनी तस्वीर अपलोड करने के बाद भय पैदा करने वाले संदेश पोस्ट करता है या ऐसे किसी के बारे में पता चलता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

**निर्देश**

**8 पुलिस हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करेगी**

# जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर गंदगी का अंबार, राहगीर परेशान

## दिल्ली के एलजी, पीडब्ल्यूडी, निगम सहित कई विभागों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस पड़ी हुई है: हरीकिशन जिंदल

**नई दिल्ली/तीरथ राज**

**राजधानी** दिल्ली में जहां एक ओर सरकार के द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े अभियान चलायें जा रहे है, वहीं दिल्ली के कई इलाकों में गंदगी होने की वजह से स्वच्छता अभियान की पोल खुलती जा रही है।

जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ जो कि बाबू जगजीवन राम अस्पताल की ओर जाता है, उस रोड़ पर कई जगहों पर गंदगी का आलम हैं, जिसके चलते राहगीर काफी ज्यादा परेशान हैं।

दीपक कुमार ने बताया कि जहांगीरपुरी रोड़ पर बने बस स्टैंड के पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके चलते बस स्टैंड से बस पकड़ने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है।





तो वहीं पूजा रानी ने बताया कि सरकार को बस स्टैंड पर विशेष साफ-सफाई करवानी चाहिए, लेकिन रोज इस ए ब्लॉक वाले बस स्टैंड के पास गंदगी का माहौल रहता है, जिसके चलते यहां से बस पकड़ने वाले लोगों को बदूब का सामना करना पड़ता हंरै।



**मैं** संबंधित विभाग को कई बार पत्र के माध्यम से भी सूचित कर चुका हूं, लेकिन न तो पीडब्ल्यूडी ही ध्यान देता है और न ही निगम सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है, जिसके चलते आम जनता को गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ता है। संबंधित विभाग को जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन विभाग जनता की समस्याओं के समाधान न करके समस्या से बेखबर है। **- हरीकिशन जिंदल, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस**



**जहांगीरपुरी** मेन रोड़ पर जगह-जगह गंदगी का मौहाल है, जहांगीरपुरी ए ब्लॉक बस स्टैंड और ए ब्लॉक ऑटो मार्किट की ओर जाने वाले रोड़ के मुख्य द्वार पर ही गंदगी का माहौल है, लेकिन संबंधित विभाग समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके चलते यहां से गुरजने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। संबंधित विभाग को समस्या पर ध्यान देना चाहिए। **- भारत सिंह राघव, चेयरमैन, ग्लोबल वेलफेयर ट्रस्ट**

# श्री राम कुटी मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 12 जोड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी दिल्ली** के नरेला में बवाना रोड़ स्थित श्री राम कुटी मंदिर में बुधवार को सेवा भारती नरेला जिला उत्तरी विभाग द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 12 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। विवाह बंधन में बंधने वाले सभी जोड़े कमजोर आर्थिक वर्ग के थे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 12 हिंदू जोड़ो ने विद्वान पंडितों की ओर से कराए गए समस्त संस्कारों को पूरा करते हुए एक दूसरे के साथ सात फेरे लिए। इस मौके पर सेवा भारती के सदस्यों के अलावा परिजनों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। विवाह की रस्म अदायगी पूरी होने पर सेवा भारती की ओर से सभी जोड़ों को कपड़े, बिस्तर, बर्तन, घड़ी, फर्नीचर, सिलाई, मशीन आदि दिए गए। कार्यक्रम के दौरान लोगों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था भी की गई। जोड़ों के माता-पिता ने आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की आयोजन समाज के लिए वरदान है। इससे गरीब व जरूरतमंदों को काफी सहायता मिलती है और वह बिना कर्ज के बोझ तले दबे, अपना सम्मान बनाए रखते हुए अपनी बेटियों के हाथ पीले कर पाते हैं। कार्यक्रम में सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में राजेंद्र मित्तल ,आजाद सिंह, कमल द्विवेदी, महेंद्र सिंह, राजपाल वर्मा, दीपक गर्ग, दीपक गर्ग,हरि सिंह , राज सिंह डबास, विजय कुमार, जय सिंह हुड्डा, रमेश पालीवाल, विजेंद्र सिंह, रामफल, ब्रह्मदत्त बंसल, पंकज,भूपेश बंसल, अरुण कुमार ,पवन कुमार, विष्णु दत्त भारद्वाज, धर्मपाल वर्मा, संदीप मंगला, जयपाल रोहिल्ला, संजय बंसल, मोहित गुप्ता, निपुण गुप्ता, मोहित गौतम, जितेंद्र पालीवाल, नितेश, नितिन, जितेंद्र, सोनू, दीपक, राकेश, राज सिंह, जय सिंह, हरि सिंह, रामपाल, भूपेश बंसल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।









## डेंगू की ब्रीडिंग मामला: 'दिल्ली सरकार के प्रस्ताव पर जल्द फैसला करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश जारी किया है कि वो डेंगू की ब्रीडिंग पाये जाने पर पांच सौ रुपये की जुमार्ना राशि को बढ़ाकर पांच हजार रुपये करने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव पर जल्द फैसला करे। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली नगर निगम को निर्देश दिया कि वो दिल्ली के सभी 12 जोन में डेंगू के संबंधित सभी तथ्यों का स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। हाई कोर्ट इस मामले में पहले से स्वतः संज्ञान ले चुके मामले की सुनवाई कर रही है।

# भारत बंद के दिन स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बैज लगाकर किया कार्य: विजय कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय औद्योगिक हड़ताल/ग्रामीण भारत बंद के दिन किसान मजदूर और कर्मचारी वर्ग की मांगों को लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस से संबंधित कर्मचारियों फेडरेशनों और अस्पताल यूनियनो ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और अपनी मांगों से संबंधित बैज लगाएं। उक्त जानकारी नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस दिल्ली के अध्यक्ष विजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र के कर्मचारियों की मांग है कि सार्वजनिक एवम स्वास्थ्य क्षेत्रों में निजीकरण, निगमीकरण ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग बंद करो। अनुबंधित कर्मचारियों को स्थाई (पक्का) करो। चारों लैबर कोड वापस लो। आठवां वेतन आयोग गठित करो। उन्होंने आगे बताया कि 16 फरवरी की किसान मजदूरों, कर्मचारियों की राष्ट्रीय औद्योगिक हड़ताल जायज मान कर स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी मुख्य मांगो को जनता और सरकार तक पहुंचाने के लिए सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों को पहले ही अपनी मांगों का लेटर दिया और मरीजों के हित देखते हुए मांगों से संबंधित ब्लैक बैंज लगाकर कार्य किया गया। स्वास्थ्य कर्मचारियों की सरकार से मांग है स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे संस्थानों में पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा गलत तरीके से आम जनता को संविधान में दिए मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। कर्मचारी विरोधी चारो नीतियों की वजह से सरकारी विभागों में नौकरियां खत्म कर दी गई है। सभी अनुबंधित कर्मचारियों पक्का करने और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करो आदि मांगों को जोरदार ढंग से उठाते हुए गेट मीटिंगे करते हुए अस्पताल के मरीजों का हित सर्वोपरि रखते हुए बड़े शांतिपूर्ण तरीके अपने कार्यस्थल पर बैंज लगाकर कार्य करते हुए अपनी मांगों को जनता और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। अगर सरकार स्वास्थ कर्मचारी की मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मानती है तो आने वाले समय में दिल्ली के स्वास्थ्य कर्मचारी संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।








# पौधारोपण केवल वन विभाग का कार्य नहीं, सभी करें पौधारोपण: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सेवा** से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि जरूरतमंदों की मदद करना एक पुण्य का कार्य है, इसलिए मैं सभी से कहूंगा कि सभी गरीबों व निर्धन तबके की मदद करें। उक्त बातें समाजसेवी व वजीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने आगे बताया कि हमारे जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली भी बनी रहती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है, हम अधिक से अधिक पौधे लगाये। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हू कि अधिक से अधिक पौधे लगाये।



# भाजपा के राज में देश में बही विकास की बयार: अजय जिंगाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भाजपा नेता** अजय जिंगाला ने बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, भाजपा के कार्यों की बदौलत आज देश की तस्वीर बदली है, आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है, देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में उज्जवला योजना सहित कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग तरक्की की ओर अग्रसर हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरों में तो विकास करके दिखाया ही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की बयार बही है, जिससे देख के ग्रामीण भी काफी ज्यादा खुश है।



# जिला चांदनी चौक भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री बनी मनी असड़ी बहल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड-68 स्थित महेंद्रू इंकलेव में रहने वाली मनी असड़ी बहल को चांदनी चौक जिला से महिला मोर्चा में मंत्री नियुक्त किया गया है। जिसके बाद मनी असड़ी बहल ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह व चांदनी चौक से महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गीता कोली का आभार व्यक्त किया।

**शीर्ष नेताओं का जताया आभार:** मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद मनी बहल ने कहा कि पार्टी ने मेरे उपर जो विश्वास दिखाकर पदभार सौंपा है मैं उसके पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाउंगी।

**राजनैतिक बैकग्राउंड से आती है मनी:** मनी असड़ी बहल ने बताया कि वह राजनैतिक पारिवारिक से आती है, व उनके दादा स्वः रामलाल असड़ी सदर बाजार से 30 साल तक निगम पार्षद रह चुके है व इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भी जिम्मेदारियां निभा चुके है।

**भाजपा से मिला मान-सम्मान:** मनी असड़ी बहल ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी का भी आभार व्यक्त करती हूं, क्योंकि पार्टी ने मुझे हमेशा ही मान सम्मान मिला है। उन्होनें आगे कहा की भाजपा की नियत और नीति दोनों ही साफ है। भाजपा ने हमेशा ही लोगों के हितों के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। वहीं मनी ने बताया कि भाजपा देश की सबसे बड़ी और चहेती पार्टी है।



# लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल के स्टाफ क्वार्टर के प्रांगण में नवल जन्मोत्सव महाकुंभ मेला आयोजित









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अखिल** भारतीय सतगुरू मातंग नवल धर्मसभा के संस्थापक मातंग ऋषि नवल का 241वां जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नवल जन्मोत्सव महाकुंभ मेले का आयोजन लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल के स्टाफ क्वार्टर के प्रांगण में किया गया, जिसमें सैंकडों की तादात में लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम में कई अतिथियों ने की शिरकत:** लोकतंत्र प्रहरी संघ के अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीश असड़ी ने बताया कि इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, अखिल भारतीय सतगुरू मातंग नवल धर्मसभा के संगठन मंत्री सुरेश लखन के साथ-साथ सभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने बतौर अतिथि शिरकत की।

**पगडी पहनाकर किया गया सम्मानित:** कार्यक्रम के दौरान हरीश असड़ी को फूलमाला व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने अखिल भारतीय सतगुरु मातंग ऋषि नवल धर्म सभा और संस्था का हृदय से आभार व्यक्त किया।

